@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika


प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

# हरियाणा वाटिका

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

लोहारू से प्रकाशित

सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 143 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 शनिवार, 22 मार्च 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495


## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान के बेटे उनको है किसानों की चिंता: औमप्रकाश धनखड़

**चंडीगढ़**

भाजपा संकल्प पत्र प्रमुख रहे एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बहादुरगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेसियों को बजट में दिए गए आर्थिक आंकड़े पढने चाहिए और प्रदेश में सबका साथ - सबका विकास की नीति से हो रहे विकास कार्य देखने चाहिए। उनका भ्रम दूर हो जाएगा।हमारी सरकार ने बेहतर वित्त प्रबंधन किया है धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने समाज के हर वर्ग और क्षेत्र का बजट में ध्यान रखा है । महिलाओं,किसानों,युवाओं, पूर्व सैनिकों ,जरूरतमंदों सहित सभी के कल्याण के लिए बजटीय प्रावधान किया है। भविष्य तकनीक का है, इसलिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। धनखड़ ने बजटीय आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014 में प्रति व्यक्ति आय 47 हजार 382 थी,अब वर्ष 2025 में प्रति व्यक्ति आय तीन लाख, 53 हजार, 181 हो चुकी है । राजकोषीय घाटा वर्ष 2014 में 2.88 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 2.68 प्रतिशत रह गया है। बजट में राजस्व घाटा वर्ष 2014 में 1.90 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 1.47 प्रतिशत रह गया है।

**पहले ही वर्ष में आधे वादे पूरे होंगे -बोले धनखड़**

संकल्प पत्र प्रमुख रहे धनखड़ ने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है। मोदी जी जो बोलते हैं वो करते हैं । पूरे देश की जनता को मोदी जी पर विश्वास है। हमने संकल्प पत्र में 217 वादे किए थे पहले ही वर्ष में आधे से ज्यादा पूरे होंगे। उन्होंने बताया कि 19 वादे पूरे हो चुके हैं, 14 वादों पर कार्य चल रहा है और 90 वादों के लिए बजटीय प्रावधान कर दिया है।

**मुख्यमंत्री किसान के बेटे हैं उनको किसानों की चिंता**

धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी किसान के बेटे हैं और किसानों की जरूरतों को बेहतर तरीके से समझते हैं और उनका समाधान कर रहे हैं। सीएम ने सभी के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए और किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया है। प्राकृतिक खेती के लिए 25 हजार एकड़ से बढ़ाकर एक लाख एकड़ का लक्ष्य तय किया है। एक एकड़ पर प्राकृतिक खेती करने वाले किसान को भी अनुदान योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि धान पराली प्रबंधन के तहत किसान को 1200 रुपए प्रति एकड़ दिया जाएगा। मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान की जगह दूसरी फसल की बिजाई करने पर किसान को आठ हजार रुपए प्रति एकड़ मिलेगा। लवणीय भूमि को पुनर्जीवित करने का लक्ष्य 62 हजार एकड़ से बढ़ाकर एक लाख एकड़ किया गया है। धान की सीधी बुआई पर किसानों को 4500 रुपए प्रति एकड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देसी गाय की खरीद पर अनुदान राशि 30 हजार रुपए दी जाएगी। किसानों को नकली कीटनाशक और बीज बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाया जा रहा है।

इसमें तीन वर्ष की सजा और पांच लाख का जुमार्ना का प्रावधान किया गया है। धनखड़ ने कहा कि खेल खिलाड़ी, खेती किसानी, महिलाओं ,छात्रों, युवाओं , शिक्षा, स्वास्थ्य, ढांचागत विकास और गरीब कल्याण पर बजट को फोकस किया गया है। गरीबों के लिए घर सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विकास वाल्मीकि, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, दिनेश कौशिक, संजीव सैनी मौजूद रहे। बहादुरगढ़ पहुंचने पर पार्टी कार्यकताओं, कोबी प्रधान प्रवीण गर्ग, अनिल शाहपुर सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ का स्वागत किया।



## बजट से सीएम ने हर वर्ग को लाभान्वित किया: बेदी



**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में प्रेस वार्ता में हरियाणा सरकार के बजट के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा का बजट सर्व समाज और सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा का बजट किसानों, एग्रीकल्चर, बिजनेस मैन, कर्मचारियों व खिलाडियों के सुझावों को रखकर पेश किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस बजट से प्रदेश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कृषि क्षेत्र में किसानों पर विशेष ध्यान दिया गया है, सैनिकों के लिए भी घोषणाएं की गई है, प्रमुख राज्यों में हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है, राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार जनहित की घोषणाएं कर आम जनता को खुश करने में लगे हुए हैं, हरियाणा राज्य के गिनती देश के अग्रणीय राज्यों में हो रही है, महिला किसानों को डेयरी स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा, देसी गाय की खरीद पर अनुदान राशि बढ़ाकर 30 हजार रुपये की गई है, यूरिया व डाई खाद की बिक्री को मेरी फसल मेरी ब्यौरा पोर्टल से जोड़ा जाएगा, प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए भूमि की सीमा को घटाकर एक एकड़ किया गया है।

कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय निकाय चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए समस्त जिला प्रशासन के अधिकारियों को बधाई दी और सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य हैल्प लाईन टोल फ्री नंबर 104 की शुरूआत



**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लोगों को ऑन लाईन नागरिक सेवाएं उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता की कड़ी में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने बडी पहल करते हुए डॉक्टर से मिलने का समय लेने के लिए टोल फ्री नंबर डायल 104 की सुविधा उपलब्ध करवाई है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुआरती सिंह राव ने इस पोर्टल का शुभारंभ आज पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित विश्राम गृह से किया। इसके बाद पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आज स्वास्थ्य विभाग के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों को भी इस पोर्टल पर दर्ज करवाया जा सकता है। शिकायतकर्ता से 5 दिन के अंदर-अंदर कॉल बैक की जाएगी। इस पोर्टल पर दवाइयों के बारे में जानकारी ली जा सकेगी। इस दौरान प्रदेश से सभी सीएमओ वीसी से जुडे। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में लोगों को लाईन में लगने से बचाना है। डायल 104 पर पहले से डॉक्टर से परामर्श लेने का समय लिया जा सकेगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी को पूरा किया जा रहा है। अभी हाल ही में 761 डॉक्टरों को नई नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि पहले से जारी ई-टेली मेडिसन सेवाओं को भी इसके साथ एकीकृत किया जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अस्पतालों के मरम्मत का कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ शीघ्र ही बैठक करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर मनीष बंसल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉक्टर वीरेंद्र यादव, डॉक्टर कुलदीप सिंह व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# क्षेत्रीय अभिलेखागार की ऐतिहासिक प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

## - सूचना आयुक्त ने कहा, युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम से परिचित कराने के लिए ऐतिहासिक प्रदर्शनी का आयोजन महत्वपूर्ण

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 21 मार्च।** हरियाणा के सूचना आयुक्त जगबीर सिंह ने शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उदघाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने की। इस प्रदर्शनी का संयोजन अभिलेखागार विभाग, हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार द्वारा किया गया।

प्रदर्शनी में वर्ष 1857 से 1947 तक स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं, दुर्लभ दस्तावेजों एवं छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में 1857 की क्रांति, 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड, 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन तथा 15 अगस्त 1947 को मिली आजादी से जुड़े दस्तावेजों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर सूचना आयुक्त जगबीर सिंह ने कहा कि इतिहास को सहेजने और युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम की गाथा से परिचित कराने के लिए इस प्रकार की प्रदर्शनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने में सहायक सिद्ध होते हैं। राजकीय महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास से सीख लेकर हम वर्तमान को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के संघर्ष को



आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

अभिलेखागार विभाग हिसार मंडल के सहायक निदेशक अनिल कुमार ने प्रदर्शनी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को भारत के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं और महानायकों के बलिदान से परिचित कराया गया। प्रदर्शनी में वर्ष 1857 से 1947 तक के ऐतिहासिक दस्तावेजों, छायाचित्रों और दुर्लभ प्रमाणों को प्रदर्शित किया गया। इसमें 1857 की क्रांति में वीर सेनानियों जैसे झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, मंगल पांडे, नानासाहेब पेशवा, कुंवर सिंह जैसे योद्धाओं की तस्वीरें और उनके संघर्ष को दशार्या गया। साथ ही 1857 को मेरठ में हुए विद्रोह, 19 अगस्त 1857 को हिसार जिले के नागौरी गेट पर स्वतंत्रता सेनानियों और ब्रिटिश सेना के बीच हुए संघर्ष की दुर्लभ छवियां प्रस्तुत की गईं। हिसार के दादा गणेश लाल की, गांधीवादी नेता बलवंत राय तायल, महान देशभक्त लाला हरदेव सहाय की राष्ट्रीय आंदोलन में भूमिका, 1938 की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की हिसार यात्रा व हिसार जिले की जानकारी देते हुए छायाचित्र दर्शाए गए। इस दौरान जिनमें आजादी की लड़ाई में भाग लेने वाली स्थानीय वीरांगनाओं के योगदान को दशार्या गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रो. डॉ गुरमीत ने किया। प्रदर्शनी का समापन 22 मार्च को होगा। उपस्थित जनसमूह ने प्रदर्शित दस्तावेजों और छायाचित्रों को सराहा और वीर सेनानियों के बलिदान को नमन किया। इस प्रदर्शनी में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ राजेंद्र सेवदा, डॉ राजबीर सिवाच, डॉ. विष्णु राम, डॉ मीना, डॉ. सुनील कुमार, डॉ आत्माराम, डॉ निर्मला, डॉ सुनीता, प्रो. मनोज कुमार, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## कृषि विज्ञान केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का आयोजन, वन संरक्षण पर हुआ विचार-विमर्श

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 21 मार्च।** स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र में वन दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डा. मुरारी लाल, डा. ममता फोगाट और डा. करिश्मा नंदा उपस्थित रहे। साथ ही डीडीए डा. विनोद फोगाट, सहायक कृषि अभियंता नसीब धनखड़ और राजेंद्र कौशिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डा. करिश्मा नंदा ने वनों के महत्व और उनके संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वन नीतियों, उनके प्रभावों, हमारे लक्ष्यों और कृषि वानिकी (एग्रोफॉरेस्ट्री) के माध्यम से वन क्षेत्र बढ़ाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वन न केवल पर्यावरण को संरक्षित करते हैं, बल्कि जैव विविधता, जल स्त्रोतों और जलवायु संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डा. नंदा ने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे स्वयं पेड़ लगाएं और पर्यावरण की रक्षा में योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि वन संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारियों और वैज्ञानिकों ने भी वनों के महत्व पर अपने विचार रखे और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वनों के संवर्धन एवं संरक्षण का संकल्प लिया और अधिकाधिक पेड़ लगाने की शपथ ली।

## देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए निक्षय मित्र बने नागरिक : सीएमओ डा. रघुबीर शांडिल्य



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 21 मार्च।** केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत क्षय रोग टीबी को पूरी तरह से मुक्त करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह निक्षय दिवस मनाया जाता है। जिसके तहत टीबी से ग्रस्ति जरूरतमंद मरीजों को पोषण किट वितरित की जाती है, ताकि देश को टीबी मुक्त बनाया जा सकें। इसी कड़ी में सिविल सर्जन डा. रघुबीर शांडिल्य व उप सिविल सर्जन सुमन विश्वकर्मा के नेतृत्व में निक्षय मित्र शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने 5 जरूरतमंद टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की। डुडेजा ने कहा कि टीबी कोई लाईलाज बीमारी नहीं है। यह सही इलाज और जागरूकता से पूरी तरह से ठीक हो सकती है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को पोषण किट की उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी तथा वे इस बीमारी से जल्द निजात पा सकते है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर शांडिल्य व उप सिविल सर्जन डा. सुमन विश्वकर्मा ने कहा कि वही उप सिविल सर्जन डा. सुमन विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चल रहा है, जिसके अंतर्गत समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों निक्षय मित्र बनाया जाता है तथा निक्षय मित्र टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हे पोषण किट मुहैया करवाते है। उन्होंने समाज के गणमान्य नागरिकों से आह्वान किया कि वे निक्षय मित्र बने तथा देश को टीबी मुक्त बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को कम से कम दो माह तक मास्क पहनना जरूरी होता हे। टीबी की जांच के लिए अस्पताल आने वाले एवं नियमित दवा के सेवन करने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है। सरकार की ओर से टीबी मरीजों को निःशुल्क जांच, दवा और पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाए जाते है। इस मौके पर संदीप सिंह भी मौजूद रहे।

## 261 ग्राम हेरोइन/चिट्टा सहित एक व्यक्ति काबू



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 21 मार्च।** नशा तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए हिसार पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने सिरसा चुंगी हिसार से एक व्यक्ति को काबू कर 261 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया है।

टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर सिरसा चुंगी से एक व्यक्ति को काबू किया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम फतेहगढ़, फिरोजपुर पंजाब निवासी साहिल प्रीत सिंह बताया। नियमानुसार पुलिस उप अधीक्षक सुनील कुमार की मोजुदगी में तलाशी ली गई है तो साहिल प्रीत सिंह ने पैरों पर पैंट के नीचे टेप से एक पॉलिथीन की थैली चिपकाई हुई थी। जिसे उतार चेक किया तो उसमें नशीला पदार्थ हेरोइन/चिट्टा बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर कुल 261 ग्राम हुआ। बरामद हेरोइन/चिट्टा को कब्जा पुलिस लेकर उक्त साहिल प्रीत सिंह के खिलाफ थाना शहर हिसार में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित कर उसे गिरफ्तार किया गया है। बरामद हेरोइन /चिट्टा के बारे की गई प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह यह हेरोइन/चिट्टा पंजाब से लेकर आया है और गांव पीरावली में सप्लाई करना था। आरोपी से आगामी गहन पूछताछ जारी है आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** शनिवार को पीपली अनाज मंडी में स्थित धर्मशाला में प्रातः 9 बजे से 1 बजे के मध्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर होगा। यह शिविर स्वतंत्रता संग्राम में अपना बलिदान देने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को समर्पित होगा। शिविर में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

## अम्बाला कैंट में निमार्णाधीन शहीद स्मारक के आठ फूड कोट्र्स को लीज पर देने हेतू आवेदन आमंत्रित 15 अप्रैल तक

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 21 मार्च।** अम्बाला कैंट में निमार्णाधीन आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक के फूड कोट्र्स को लीज पर देने हेतु टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इसकी लिए आवेदन करने के लिए 15 अप्रैल अंतिम तिथि है।

शहीद स्मारक के महानिदेशक कुलदीप सैनी ने बताया कि भारत की आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रान्ति में अपनी वीरता दिखाने वाले एवं शहीद हुए वीरों की याद में अम्बाला कैंट में (अंबाला कैंट-दिल्ली) नेशनल हाईवे -44 पर आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।

# नागरिकों की समस्या के मद्देनजर नगर परिषद ने शहर में चलाया बंदर पकडने का अभियान

## कमला नगर क्षेत्र, लाल मस्जिद गली नंबर-1 व 2 में चलाया गया बंदर पकडने का अभियान : चावला

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 21 मार्च।** शहर में पिछले कई दिनों से बंदरों ने उत्पाद मचाया हुआ था, जिसके चलते नागरिक खासे परेशान थे तथा नगर परिषद से बंदर पकडने के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग कर रहे थे। नागरिकों की इसी मांग को ध्यान में रखते हुए भिवानी नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप के निदेर्शानुसार वन विभाग की सहायता से नगर परिषद ठेकेदार राकेश ने शुक्रवार को शहर में बंदर पकडने का अभियान चलाया गया। जिसके बाद नागरिकों को थोड़ी राहत मिली। इस बारे में जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद प्रवीन चावला, पूर्व पार्षद अशोक यादव एवं पवन रखेजा ने बताया कि



शुक्रवार को स्थानीय कमला नगर स्थित श्रीराम मंदिर क्षेत्र, लाल मस्जिद गली नंबर-1 व 2 में बंदर पकडने का अभियान शहर में बढ़ती बंदरों की समस्या को देखते हुए चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नगर परिषद की टीम ने उक्त क्षेत्रों में घूम-घूमकर बंदरों को पकडने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से इन क्षेत्रों में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा था। स्थानीय नागरिकों ने शिकायत की थी कि बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने की चीजें उठा ले जाते हैं, राहगीरों पर हमला कर देते हैं और कई बार छोटे बच्चों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप के आदेशानुसार नगर परिषद ने वन विभाग की सहायता से एक विशेष टीम गठित की तथा टीम ने में पिंजरे और जाल लगाकर कई बंदरों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित रूप से जंगलों में छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की इस कार्रवाई से नागरिकों को बंदरों के आतंक से राहत मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे बंदरों को खाने की चीजें न दें, ताकि वे दोबारा रिहायशी इलाकों में न आएं। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि किसी को बंदरों की अधिक समस्या हो तो वे नगर परिषद को सूचना दे।

## स्वदेशी जागरण मंच 21 महिला उद्यमियों को करेगा सम्मानित



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में महिला उद्यमी सम्मान समारोह 23 मार्च को गीता ज्ञान संस्थान में होगा। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ. अजय जांगड़ा व स्वावलम्बी भारत अभियान के जिला समन्वयक डॉ. रमेश ढांडा ने समारोह की तैयारी हेतु आयोजित बैठक में बताया कि इस महिला उद्यमी सम्मान समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र जिले की 21 महिला सफल उद्यमियों को सम्मानित कर अपना विशेष उद्बोधन भी देंगे। समारोह की संयोजक डॉ. अर्चना शर्मा व डॉ. सीमा ने बताया कि यह समारोह स्वदेशी की विकास यात्रा व देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती वर्ष उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। आज के युवा ही नहीं अपितु महिलाएं भी स्वदेशी के महत्व को समझ चुकी हैं। वर्तमान में महिलाएं स्वावलंबन एवं स्वरोजगार की राह पर चल कर समाज को महिला सशक्तिकरण का उदाहरण दे रही है। समारोह की तैयारियां हेतु स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के कार्यकताओं की ड्यूटी भी लगाई गई। इस अवसर पर बैठक में प्रो. रमेश ढांडा, डॉ. अर्चना शर्मा, डॉ. सीमा, तारा चंद, हरिकेश पपोसा, गगनदीप, अमिता मित्तल, हर्षित प्रकाश सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# रबी खरीद की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक आयोजित

## कहा, किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 21 मार्च।** रबी खरीद वर्ष 2025-26 के प्रबंधों की समीक्षा के संबंध में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को रबी खरीद को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। फिलहाल जिले की मंडियों में 15 मार्च से सरसों की खरीद प्रक्रिया जारी है और एक अप्रैल से गेहूं की फसल भी मंडियों में बिक्री के लिए आएगी। सरसों की फसल की बिक्री के लिए 14 मंडिया तथा गेहूं की फसल की बिक्री के लिए 27 मंडियां अधिसूचित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हांसी, बरवाला, डाटा और बांडाहेड़ी सहित सभी मंडियों में फसलों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होना चाहिए, यदि कहीं पर भी स्थान की कमी है या तो



अतिरिक्त एरिया को नोटिफाई करवा लें। इसी प्रकार से अतिरिक्त खरीद केंद्रों की भी आवश्यकता हो तो इस बारे भी जल्द प्रस्ताव दें ताकि अतिरिक्त खरीद केंद्रों को भी अधिसूचित करवा लिया जावे। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीद केंद्रों पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जल्द ही वे स्वयं भी मंडियों का दौरा करेंगे। यदि इस दौरान कोई समस्या या कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि रबी खरीद सीजन के दौरान गेट पास, फसल की खरीद, तौल, लिफ्टिंग, भंडारण और परिवहन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाए। फसल के उठान के उपरांत 72 घंटों में किसानों को अदायगी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंडियों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय, छायादार स्थान और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने साफ-सफाई बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खरीदी गई फसलों के भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था करें। सभी भंडारण स्थलों की व्यवस्था का पूर्व निरीक्षण किया जाए और आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था की जाए। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ वेद प्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, सीटीएम हरिराम, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अमित शेखावत, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह, सभी मार्केट कमेटी के सचिव, हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, भारतीय खाद्य निगम तथा अन्य संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बिहार दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम 23 को : तेजिन्द्र गोल्डी



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** बिहार दिवस के मौके पर एक स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार सरकार में गन्ना मंत्री कृष्ण नंदन पासवान होंगे। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि इस आयोजन के दौरान बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और विकास की दिशा पर चर्चा की जाएगी, साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तेजिन्द्र गोल्डी ने इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कहा कि यह आयोजन बिहार के गौरवमयी इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर को मनाने के साथ-साथ राज्य के विकास की दिशा को सांझा करने का एक बेहतरीन अवसर होगा। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष रवि बतान होंगे।

# स्कूल में नैतिकता की शिक्षा बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर समझने में करती मदद : शालू शर्मा

## नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का किया आयोजन

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया गया जिसका विषय एथिक्स एंड इंटीग्रेशन रहा। सैशन का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा एवं रिसोर्स पर्सन शालू शर्मा द्वारा माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर शालू शर्मा ने एथिक्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एथिक्स यानी नैतिकता, मानकों का एक समूह होता है जिससे यह तय होता है कि क्या सही है या गलत।यह दर्शन की एक शाखा है। एथिक्स को नीतिशास्त्र, आचारनीति, नीतिदर्शन, या आचारशास्त्र भी कहा जाता है। स्कूल में नैतिकता की शिक्षा बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर समझने, अच्छे निर्णय लेने और एक बेहतर समाज के निर्माण में मदद करती है। कक्षा में नैतिकता का एक



महत्वपूर्ण तत्व अनुशासन है। अनुशासन एक सुरक्षित, न्यायसंगत, सकारात्मक शिक्षण वातावरण बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। यह यह सुनिश्चित करने में भी मदद करता है कि छात्र सम्मान, जिम्मेदारी, सहयोग, ईमानदारी और दृढ़ता जैसे अच्छे चरित्र गुणों को प्राप्त करें और उनका अभ्यास करें। स्कूल में सत्यनिष्ठा बहुत जरूरी है क्योंकि यह ईमानदारी, निष्पक्षता और सम्मान पर आधारित एक मजबूत और भरोसेमंद शैक्षिक माहौल बनाता है, जो छात्रों को सही और गलत के बीच अंतर समझने और एक अच्छे नागरिक बनने में मदद करता है। ईमानदारी बनाए रखने से सभी को लाभ होता है, यह सुनिश्चित करता है कि शैक्षणिक उपलब्धियाँ किसी की क्षमताओं का सही प्रतिबिंब हैं। शैक्षणिक ईमानदारी के लिए प्रतिबद्ध होकर, हम न केवल अपने व्यक्तिगत विकास को बढ़ाते हैं बल्कि एक भरोसेमंद और नैतिक समाज में भी योगदान देते हैं। इसके साथ ही टीचर्स से इस विषय से संबंधित की एक्टिविटीज भी करवाई गई।

इन एक्टिविटीज के माध्यम से टीचर्स ने बहुत अच्छी तरह से विषय को समझा और उसे प्रयोग में लाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा, प्रबंधक विकास गाबा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, मुख्याध्यापिका प्रीति मिश्रा, अध्यापिका मंजीत, नीतू, परमज्योति, सोनिया, पायल, हरिंदर, मधु, रिहाना, आशा, मोनिका,पूनम, अंजली, कोमल, अध्यापक सुनील, जसमेर, इशांत, शक्ति प्रकाश सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## ओम प्रकाश धनखड़ का भाजपा कार्यालय पहुंचने पर किया स्वागत



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने आज कुरुक्षेत्र भाजपा कार्यालय में शिरकत की। इस दौरान एडवोकेट वेदपाल और डॉ. संजय शर्मा, चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच व प्रदेश सचिव राहुल राणा भी उनके साथ रहे। जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी ने राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ का स्वागत करते हुए उन्हें शाल औढ़ा कर व कृपाण देकर अभिनंदन किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने धनखड़ से मुलाकात की और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। ओम प्रकाश धनखड़ ने कार्यकताओं से पार्टी के लिए मेहनत करने की अपील की और आने वाले चुनावों में भाजपा की सफलता के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकताओं को प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसमें कार्यकताओं की निष्ठा और पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महामंत्री जसविन्द्र सैनी, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, गुलशन सैनी, विक्रम शर्मा, विजय लक्ष्मी, अनु माल्यान, वंदना, राजेश मेहला, सुनील चौधरी सहित कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# खेलो को पकड़ो नशे व अपराध को छोड़ो: जयहिन्द

## डीसी महावीर कौशिक नेकदिल इंसान, जनता अपने काम करवाए; जयहिन्द

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 21 मार्च।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा भिवानी जिले के गवर्नमेंट कॉलेज में शहीदी दिवस नेशनल महिला कबड्ड़ी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। डीसी साहब व जयहिन्द सभी टीमों के खिलाड़ियों से मिले और उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं भिवानी जिले के डीसी साहब महावीर कौशिक जी भी प्रतियोगिता में पहुंचे, जयहिन्द ने डीसी साहब का भी आभार जताया कि वे इस तरह प्रतियोगिताओं में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते है। साथ ही जयहिन्द ने भिवानी वासियों को सूचना देते हुए कहा कि डीसी साहब बहुत ही नेकदिल आदमी है, अगर किसी को किसी प्रकार की समस्या हो या आपका कोई काम ही तो निश्चिंत होकर डीसी साहब के पास जाइए वे आपकी बात जरूर सुनेंगे और समाधान करेंगे। जयहिन्द ने मोनू चौधरी, नवीन बौंद व उनकी पूरी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह की कबड्ड़ी प्रतियोगिता करवाकर भाई मोनू व उनकी पूरी टीम ने बहुत अच्छा काम किया है। खेल बच्चों को नशे व अपराध से दूर रखता है।



## दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 21 मार्च।** नई सब्जी मंडी रानियां रोड सिरसा से एक दुकान के बाहर से चोर बाइक चोरी कर ले गए।
पुलिस को दी शिकायत में राजेश कुमार निवासी भाखड़ा कॉटन मिल, रानियां रोड सिरसा ने बताया कि वह सब्जी मंडी में मुनीम का काम करता है। बीती 19 मार्च की सुबह वह दुकान पर आया था।

## विश्व जल दिवस पर विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 21 मार्च।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निदेर्शानुसार तथा सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में आदर्श महिला महाविद्यालय में विश्व जल दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अनुराधा खनगवाल तथा जनस्वास्थ्य विभाग से अशोक भाटी वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को समझाना और आमजन को इस दिशा में जागरूक करना था।
सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि विश्व में जल दिवस बनाने का उद्देश्य पानी के महत्व व विवेकपूर्ण उपयोग के लिए जागरूकता फैलाई जा सके। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और इसके बिना किसी भी जीव का अस्तित्व संभव नहीं है। उन्होने जल संरक्षण को लेकर बढ़ती चिंताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पानी की अनियंत्रित खपत और जल स्त्रोतों के दूषित होने से भविष्य में गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है।
उन्होंने बताया कि भारत सहित विश्व के कई देशों में पानी की कमी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, जिसके समाधान के लिए हमें वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और जल के उचित प्रबंधन की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने सभी पस्थित लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने घरों, कार्यस्थलों और आसपास के इलाकों में जल संरक्षण को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति जल बचाने का संकल्प ले और अपने व्यवहार में बदलाव लाए, तो जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है।
पैनल अधिवक्ता अनुराधा खनगवाल ने जल संबंधी कानूनों और अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण केवल सरकारी नीतियों से संभव नहीं है, बल्कि हर नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि जल का अपव्यय रोकने और समाज में इसके विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।
वही जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अशोक भाटी ने बताया कि पीने योग्य जल की उपलब्धता घट रही है और यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में जल संकट विकराल रूप धारण कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें जल संरक्षण को केवल एक सरकारी जिम्मेदारी न मानकर इसे अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी समझनी होगी।
कार्यक्रम में आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने जल संरक्षण को लेकर अपने विचार साझा किए और जल बचाने की शपथ भी ली। छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे जल अपव्यय को रोकने, वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहित करने और अपने परिवार व समाज में जल संरक्षण की आदतें विकसित करने के लिए प्रयास करेंगी। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अल्का मित्तल, कार्यक्रम ऑफिसर डॉ. निशा शर्मा, डॉ. दीपू सैनी, डॉ. नूतन शर्मा, डॉ. निधि बूरा, डॉ. सुनंदा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं, शिक्षण स्टाफ और डीएलएसए स्टाफ मौजूद रहा।

## जिला के नए कलेक्टर रेट पर 27 तक कर सकते हैं दावे व आपत्तियां

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**नारनौल 21 मार्च।** जिला महेंद्रगढ़ में वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कलेक्टर रेट निर्धारित किए जा रहे हैं। जिला का कोई भी नागरिक 27 मार्च तक इस संबंध में अपनी आपत्ति या सुझाव संबंधित एसडीएम, तहसीलदार कार्यालय तथा उपायुक्त कार्यालय में दे सकता है। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा।
यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित कलेक्टर रेट ॅ३३स्र२://ॅ्नेंल्ल्रं.ल्लू.ल्ल पर अपलोड हैं। वेबसाइट पर लॉगिन करके कोई भी नागरिक इसे देख सकता है। इसके अलावा जिला महेंद्रगढ़ की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इसका लिंक दिया गया है। किसी नागरिक को इस संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव है तो वह 27 मार्च तक संबंधित एसडीएम, तहसीलदार कार्यालय तथा उपायुक्त कार्यालय की एचआरसी शाखा के कमरा नंबर 312 में दस्ती व रजिस्टर्ड डाक से दे सकते हैं। इसके अलावा वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन दर्ज करवा सकते है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च के बाद किसी भी नागरिक का कोई एतराज व सुझाव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त भारत व यातायात नियमों के बारे जागरूक किया

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 21मार्च।** राजकीय महाविद्यालय चम्मू कलां की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन गांव चम्मू कलां में नशा मुक्त भारत और यातायात के नियमों विषयों पर जागरूक अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की। उसके बाद शैक्षणिक सत्र में पूर्व एनएसएस अधिकारी कुलदीप कुमार ने विषय युवाओं में बढ़ते नशे का प्रयोग पर विस्तार से अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया की आज का युवा नशे की तरफ अधिक आकर्षित हो रहा है जिसका प्रभाव परिवार, समाज और राष्ट्र पर पड़ रहा है। स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें नशे से दूर रहना चाहिए और समाज के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी रजत कुमार ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नशा स्वयं के जीवन को तो बर्बाद करता ही साथ में दूसरों के जीवन को भी प्रभावित करता है। इस अवसर पर ममतेश और डॉ ट्विंकल आदि स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## शिविर में स्वच्छता के बारे जागरूक किया

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 21मार्च।** एमपीएम सनातन धर्म गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत गांव जलबेहडा में सात दिवसीय कैंप के छठे दिन का शुभारंभ एनएसएस गीत के साथ किया गया। उसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने योग किया। शिविर में कॉलेज प्रवक्ता रजनी गुप्ता ने स्वच्छता अभियान पर भाषण देते हुए स्वयं सेविकाओं को सफाई की महत्ता के बारे में बताते हुए उन्हें जागरूक किया। स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे हैं। छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा के कार्य में भी अपना पूरा सहयोग कर रही है। जो समाज के लिए अच्छी बात है। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने खेल कूद से संबंधित जैसे कबड्डी, खो-खो, दौड़ आदि में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

## गेहूं सीजन में जाम से निपटने के लिए उठान का जिम्मा आढ़ती को दिया जाए: बलदेव शर्मा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 21 मार्च।** अनाज मंडी के पूर्व सचिव बलदेव शर्मा व पूर्व उपप्रधान जोगिंदर सिंह काजल ने बताया कि आगामी गेहूं सीजन को लेकर किसानों को कोई दिक्कत न हो कर मंडी में जाम की स्थिति न बने इसके लिए आढ़तियों को खुद गेहूं उठान का कार्य सौंपना चाहिए। जिससे समय की बचत के साथ साथ जाम की स्थिति नहीं बनेगी। वे यहां अनाज मंडी में अपने प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गेहूं सीजन में खरीद का कार्य मंडी में जाम की स्थिति उत्पन्न होने से ही प्रभावित होती है और मंडी में जाम की स्थिति उठान न होने से बढ़ती है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार उठान का ठेका तो ले लेता है पर समय पर उसके पास उठान के लिए पर्याप्त वाहन नहीं होते जिसके चलते आढ़तियों व किसानों के सामने समस्या खड़ी हो जाती है। आढ़तियों को ही उठान की जिम्मेदारी देना ही इस समस्या का हल है। उन्होंने कहा कि पंजाब की तर्ज गेहूं उठान के लिए ट्रकों के अलावा ट्रैक्टर ट्राली को केवल सीजन के लिए अनुमति दी जाए। इसके अलावा मेरी फसल ब्यौरा में किसान व आढ़ती की कोई त्रुटि हो उसे लोकल मार्केट कमेटी में ठीक करने का प्रावधान किया जाए ताकि किसानों को सीजन में कोई दिक्कत न हो। गेहूं का भुगतान 72 घंटे के भीतर किया जाए चाहे गेहूं का उठान हो या ना हो। इस समय उनके साथ आढ़ती लक्की राणा जलबेहड़ा, प्रदीप, मनदीप सिंह भी मौजूद रहे।

## सरसों की खरीद का कार्य शुरू होने से किसानों ने ली राहत की सांस, पहले दिन वेयर हाउस ने खरीदे करीब 150 क्विंटल सरसों

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 21मार्च।** आखिरकार अनाज मंडी में शुक्रवार को सरसों खरीद का कार्य शुरू होने से किसानों ने राहत की सांस ली। खरीद एजेंसी वेयर हाउस ने पहले दिन करीब 150 क्विंटल सरसों की खरीद की। जानकारी देते हुए वेयर हाउस के इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि शुक्रवार से सरसों खरीद का कार्य सुचारू रूप से शुरू कर दिया है। पहले दिन अनाज मंडी से जो सरसों सरकारी मापदंडों के अनुसार सही पाया गया है उसे खरीद लिया गया है। पहले दिन एजेंसी ने अनाज मंडी से करीब 150 क्विंटल सरसों की खरीद सरकारी समर्थन मूल्य पर की है। अनाज मंडी से खरीद का कार्य एनसीआईएल एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। जो सरसों सरकारी मापदंडों के अनुसार सही पाया जाएगा उसे तुंरत प्रभाव से खरीद लिया जाएगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि मंडी में सुखा व साफ सुथर सरसों की ही बिकवाली के लिए लेकर आए ताकि खरीद में किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इस मौके पर उनके साथ मार्केट कमेटी सचिव अंकुर ठकराल, मंडी प्रधान विनोद कंसल, एनसीआईएल विक्रम सिंह, पुनीत बंसल, महिंद्र थांदडो, राजीव कौशल, शेख, प्रवीन जिंदल, सपन बंसल, संजीव कुमार, अमन कुमार, सुरेंद्र बालापुर, प्रदीप, मनदीप, किसान रामकरण, राजवीर, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने कर लिया है आज हर क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल: महावीर कौशिक

## डीसी ने राजकीय महाविद्यालय में महिला कबड्डी खेल प्रतियोगिता में की

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 21 मार्च।** डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि हरियाणा सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति सजग है और इस अभियान की बदौलत हमारी बेटियां प्रदेश, देश व अंतर्राष्ट्व्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। सरकार की खेल निति का परिणाम है कि हरियाणा के खिलाडि?ों ने दुनिया में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। वर्तमान में महिलाओं ने आज खेल, शिक्षा, देश की सुरक्षा सहित हर क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल कर लिया है। डीसी महावीर कौशिक शुक्रवार को स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में शहीदे ए आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित महिला कबड्ड्वी खेल प्रतियोगिता को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। डीसी ने खिलाडि?ों का एक-एक करके परिचय लिया और सभी को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना जरुरी होता है। खेल से युवा अपना नाम रोशन कर सकते हैं। सरकार द्वारा होनहार खिलाडियों को करोड़ों रुपए के इनाम दिये जा रहे हैं। आज खेलों में युवाओं का भविष्य उज्जवल है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शहीदे ए आजम भक्त सिंह सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहायता करने के लिए तैयार है। अगर खिलाडि?ों को खेल के किसी भी प्रकार के संसाधनों की आवश्यकता है तो जिला प्रशासन खेल विभाग द्वारा मुहैया करवाएगा। खिलाड़ी अपने खेल पर पूरा ध्यान दें और मेहनत कर जिला, प्रदेश, देश व अंतर्राष्ट्व्रीय स्तर पर नाम रोशन करें। इसी तरह से अन्य संस्थाओं



# एचएयू संघर्ष समिति ने एचएयू कुलपति का कार्यकाल बढ़ाये जाने पर विरोध जताया

## डॉ. करतार सिंह सिवाच को समिति का संयोजक बनाया

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 21 मार्च।** शहीद सूबेसिंह स्मारक में एचएयू संघर्ष समिति की बैठक अनु सूरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन समिति के संयोजक डॉ. अर्जुन राणा ने किया। बैठक की जानकारी देते हुए समिति की सदस्य शकुंतला जाखड़ ने बताया कि दिसम्बर 2024 में एचएयू में कुलपति द्वारा प्रोफेसरों व कर्मचारियों के साथ तानाशाही, भ्रष्टाचार, डॉ. दिव्या फोगाट, विकास हुड्डा की रहस्यमयी मौत, एचएयू व गुजवि को राजनैतिक व आरएसएस का अड्डा न बनाने व अंदर एक डर के माहौल के खिलाफ, शिक्षा बचाओ यूनिवर्सिटी बचाओ के नारे के साथ जन संघर्ष समिति का गठन किया गया था जिसका संयोजक हौटा के पूर्व प्रधान डॉ. अर्जुन सिंह राणा को बनाया गया तथा 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। समिति ने कई बार ज्ञापन दिये व जनहित में अनेक मुद्दे उठाये। विधानसभा में विधायक नरेश सेलवाल, अर्जुन चौटाला, डॉ. रघुबीर काद्यिान, गीता भुक्कल ने जोर-शोर से उठाया। इसके अलावा संसद में दीपेन्द्र हुड्डा, कुमारी सैलजा व जयप्रकाश ने भी उठाया। इसके बाद कुलपति डॉ. कम्बोज पर कोई कार्यवाही करने की बजाये भाजपा की सरकार ने उन्हें चार साल के लिये एसटेंशन दे दी, जिसका संघर्ष समिति पुरजोर विरोध करती है। समिति सदस्यों ने चेतावनी देते हुए कहा कि कुलपति डॉ. कम्बोज का समय 16 अप्रैल 2025 तक का है,
उनका कार्यकाल और न बढ़ाया जाये अन्यथा जन संघर्ष समिति हिसार की जनता को लामबद्ध करते हुए आंदोलन करने को मजबूर होगी। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. अर्जुन सिंह राणा की घरेलू व्यस्तताओं को देखते हुए डॉ. करतार सिंह सिवाच को संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में डॉ. करतार सिंह सिवाच, डॉ. रोशनलाल, शकुंतला जाखड़, सैलेश वर्मा,, प्रो. अत्तर सिंह, सचिन, निखिल, साहिल कसवां, निर्मला, सुरेन्द्र मान, गौरव धानिया आदि ने भाग लिया।



# लिफ्ट देकर लूटपाट करने के तीन आरोपी काबू

## मोबाइल फोन, नकदी और वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 21 मार्च।** पुलिस की अपराध शाखा और थाना शहर पुलिस ने लिफ्ट देकर मोबाइल फोन और नकदी लूटने के मामले में तीन आरोपियों बहबलपुर निवासी मितेश, सुल्तानपुर निवासी नवीन और शिव नगर हिसार निवासी आकाश को गिरफ्तार किया है।
मामले में जांच अधिकारी एएसआई महेंद्र सिंह ने बताया कि थाना शहर हिसार में लक्ष्मी विहार कॉलोनी बरवाला निवासी विनोद कुमार ने तीन युवकों द्वारा उससे लिफ्ट दे मोबाइल फोन और नकदी लूटने के बारे में शिकायत दी थी। जिसमें उसने बताया कि वह 13 मार्च 2025 की रात करीब दस बजे दिल्ली से शहर के बस स्टैंड पर आया था। बरवाला जाने के लिए बस स्टैंड के बाहर वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बस स्टैंड के सामने एक गाड़ी आकर रुकी। गाड़ी चला रहे युवक ने बरवाला जाने की आवाज लगाई। आवाज सुनकर उसकी कार में बैठ गया। पिछली सीट पर पहले से दो युवक बैठे हुए थे। उसके बाद चालक कार को लेकर सिरसा हाइवे पर चल पड़ा। जैसे ही ढंढूर ओवरब्रिज के पास पहुंचे तो पिछली सीट पर बैठे युवकों ने कहा कि जो कुछ है निकल कर दे दो नहीं तो जान से मार कर फेक देंगे। जिस पर उसने कहा कि उसके पास कुछ नहीं है जिस पर मारपीट करने लगे और मोबाइल फोन छीन जेब से 2 हजार 500 रुपये निकाल कर कार से नीचे उतार दिया और सिरसा की तरफ फरार हो गए। फिर वह दूसरी कार में बैठकर बरवाला पहुंचा।
जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दी गई शिकायत पर थाना शहर में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग अंकित कर कार्रवाई करते हुए उपरोक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से एक मोबाइल फोन , 800 रुपए और वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद की है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपीयो ने पहले भी अपराधिक वारदाते की है। उपरोक्त तीनों के खिलाफ थाना सदर, ॥ञ्जरू और अर्बन एस्टेट हिसार में चोरी के अभियोग अंकित है। आरोपियों को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




# अवैध खनन रोकने सहित खनिज वाहनों पर है, प्रशासन की कड़ी नजर

## ई-रवाना बिल अनिवार्य, ओवरलोडेड तथा बिना ई-रवाना बिल के तीन वाहन किए गए जब्त

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 21 मार्च।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग भी लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग स्वयं खनन विभाग की गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और जरूरी दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं।
इसी कड़ी में जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि गत दिवस एचएसईएनबी के स्टाफ एएसआई पवन व हेड कांस्टेबल परविंद्र द्वारा चेकिंग के दौरान मटक माजरी रोड इंद्री, सिविल अस्पताल के पीछे से दो ओवरलोडेड ट्रक व एक ट्रक बिना ई-रवाना बिल के पकड़ा गया। इन वाहनों को थाना पुलिस लाईन में खड़ा करके विभाग की टीम द्वारा सीज कर दिया गया।
उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए निरन्तर अभियान जारी रहेगा। इसके तहत, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य खनन गतिविधियों को पादर्शी बनाना और प्राकृतिक संसाधनों के अनियमित दोहन को रोकना है। हरियाणा सरकार का संकल्प है कि राज्य में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नही किया जाएगा और इसके लिये जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

## बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे बजाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: निर्मल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माईलाबाद, 21 मार्च।** डीएसपी पिहोवा इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने बुलेट मोटर साइकिल से पटाखे बजा कर माहौल खराब करने वालों पर नकेल कसने के लिए जल्द ही एक अभियान चलाया जाएगा। वे यहां अनाज मंडी में बलदेव शर्मा के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ कहा कि कुछ शरारती तत्व बुलेट मोटरसाइकिल को मॉडिफाई करवा कर उससे पटाखे बजा रहे है। जिससे माहौल तो खराब होता ही है साथ बुजुर्गो व बच्चों पर इसका काफी विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि जो मोटरसाइकिल मैकेनिक बुलेट का साईलेंसर बदलता पाया गया उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पंजाब सीमा से प्रदेश में दाखिल होने वाले रास्तों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। ताकि कोई शरारती तत्व माहौल खराब न कर सके। उन्होंने कहा कि नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस एक अभियान के तहत कार्य कर रही है। इसके लिए नाके लगा कर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें।

## गुजरात के पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह चुडासमा ने मां भद्रकाली शक्तिपीठ में किए दर्शन



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** हरियाणा के इकलौते मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में गुजरात बीजेपी के वरिष्ठ नेता और 1991 से 2021 तक मंत्री रहे भूपेंद्र सिंह चुडासमा शुक्रवार सपरिवार मां भद्रकाली जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे। सर्वप्रथम टीम शक्तिपीठ द्वारा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने पावन-पवित्र शक्तिस्थल श्री देवीकूप पर मां की विधिवत पूजा की व माथा टेका और चुनाव में विजय के बाद अश्वों का जौड़ा अर्पित किया। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने मां की लाल चुनरी व पुष्पमाला से उनका भव्य स्वागत -सत्कार किया। उन्होंने चुडासमा को मां का प्रसाद व आशीर्वाद देकर उनके सेवाभावी यशस्वी जीवन की मंगल कामना की। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा व गुरुमाता शिमला देवी के सान्निध्य में मंत्री द्वारा मां भद्रकाली जी का पूजन-अर्चन किया गया व मां से प्रार्थना की कि वे देशवासियों पर इसी प्रकार अपना आशीर्वाद बनाए रखें। उन्होंने पञ्चदीप आरती - वन्दन भी किया व मा को पन्चमेवे व पांच प्रकार के फलों का भोग अर्पित किया। माँ को लाल- चुनरी, लाल वस्त्र, सिंदूर व नारियल इत्यादि भेंट अर्पित किया। मां के दाएं टखने के चांदी स्वरूप पर दूध, दही, मक्खन, शहद, घी, गुलाब जल, चन्दन, केसर, गंगाजल इत्यादि का भी लेप उनके द्वारा किया गया। भूपेंद्र सिंह चुडासमा ने कहा कि वे और भी अधिक शक्ति से अपना जीवन देश सेवा के लिए समर्पित कर सकें, ऐसी प्रार्थना के साथ माता रानी जी के दर्शनों के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद के भद्रकाली मंदिर में वे दर्शन करते रहे हैं और मां भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में दर्शन करने की उनकी बहुत अभिलाषा थी। आज मां के दर्शन कर उन्हें अलौकिक दिव्यता का अनुभव हुआ है। अंत में गुरु जी ने उन्हें मां का प्रशाद व देवी भागवत आशीर्वाद में दी और साथ ही मंदिर में बनाए जाने वाले 'महागौरव स्थल' की भी जानकारी दी, जिसकी उन्होने सराहना की । गौरतलब है कि पीठाध्यक्ष के सुपुत्र देवांशु शर्मा गुजरात में ही न्यायधीश के पद पर कार्यरत है। इस मौके पर सेवा प्रमुख देवेंद्र गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय शर्मा, जीवन मौदगिल, सतीश शर्मा, रामपाल लाठर इत्यादि सेवक मौजूद थे।

## संपादक की कलम से

### पंजाब में फिर आतंकवाद जिंदा करने की विदेशी साजिश

पंजाब में अमृतसर के ठाकुरद्वारा मंदिर पर ग्रेनेड हमला बेहद चिंता का विषय है। माना जा रहा है कि यह खालिस्तान समर्थक विदेशी ताकतों का पंजाब में आतंकवाद को पुनःजीवित करने का षडयंत्र है। कुछ समय से आतंकवादी पुलिस ठिकानों पर बम हमले करते चले आ रहे हैं। अब यह पहला मौका है जब किसी मंदिर पर ग्रेनेड हमला किया गया है। आधी रात को हुए इस हमले में जानी नुकसान तो नहीं हुआ पर मंदिर अवश्य क्षतिग्रस्त हुआ। हालांकि दो दिन के भीतर ही अमृतसर में ठाकुरद्वारा मंदिर पर ग्रेनेड हमला करने वाले का एनकाउंटर कर दिया गया है। इसमें मुख्य आरोपी मारा गया। पुलिस का दावा है कि इन बदमाशों ने ही मंदिर पर ग्रेनेड से हमला किया था। हालांकि मुख्य हमलावर के मारे जाने के बाद इस संगीन वारदात को अंजाम देने के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करने वाले बदमाशों का बेनकाब होना थोड़ा मुश्किल है।

इस हमले को लेकर मुख्यमंत्री मान का कहना है कि सीमा से सटा राज्य होने के कारण कई देश विरोधी ताकतें पंजाब की शांति भंग करने के नापाक मंसूबे बना रही हैं। उन्होंने कहा कि सतर्क पंजाब पुलिस ने हमेशा ऐसी कोशिशों को नाकाम किया है क्योंकि पुलिस बल को जांच, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार अपडेट किया गया है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई है कि पंजाब पुलिस देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी पेशेवर प्रतिबद्धता के साथ लोगों की सेवा करने की अपनी शानदार विरासत को कायम रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृतसर की घटना के पीछे भी उन्हीं विभाजनकारी ताकतों का हाथ है, जो प्रदेश की शांति, प्रगति और खुशहाली को रोकना चाहती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन ताकतों को कभी भी अपने नापाक इरादों में सफल नहीं होने देगी और उनकी सभी साजिशों को नाकाम कर दिया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में काफी बेहतर है क्योंकि पंजाब पुलिस इस मामले पर पूरी मुस्तैदी से नजर रख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब हमेशा से सीमापार उग्रवाद का शिकार रहा है और आज भी राज्य नशे और उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जो कह रहे है, वह सत्य ही है। पाकिस्तान पंजाब में हिंसा फैलाने के लिए तथा साम्प्रदायिक दंगे कराने के लिए अतीत में भी ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वालों का समर्थन करता रहा है और आज भी कर रहा है। इसे लेकर मान सरकार विपक्ष के निशाने पर भी है।

पाकिस्तान की शह पर पंजाब में आतंक फैलाने वालों पर सतर्क रह कर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है क्योंकि अगर इन हमलों में ढील दिखाई तो पंजाब के हालात फिर बिगड़ सकते हैं। पंजाब के साथ-साथ केन्द्र सरकार को भी मंदिरों पर हो रहे हमलों को लेकर सतर्क होने की आवश्यकता है, क्योंकि मंदिरों पर हमला करने वालों को केवल पाकिस्तान ही नहीं बल्कि कनाडा, इंग्लैंड और अमेरिका सहित कई देशों में बैठे भारत विरोधियों का संरक्षण व समर्थन प्राप्त है। हाल ही में अमेरिका में भी मंदिर पर हमला हुआ है। इससे पहले कनाडा में भी मंदिरों को निशाना बनाया गया।

प्रदेश और देश की सरकारों को समझना होगा कि विदेशी शक्तियों के हाथों की कठपुतली बने इन आतंकियों पर तभी नकेल डलेगी, जब राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन पर दबाव बढ़ेगा। पंजाब, अमेरिका, कनाडा या इंग्लैंड में अलगाववादियों द्वारा मंदिरों पर हमला करने का एक ही लक्ष्य है पंजाब व देश के अन्य हिस्सों में माहौल खराब हो और लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो।

उधर एनकाउंटर को लेकर पंजाब पुलिस ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में मुख्य आरोपी गुरसिदक मारा गया जबकि एक अन्य आरोपी घायल हो गया। दोनों ओर से गोलीबारी हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि मंदिर पर हमले के आरोपी राजासांसी के इलाके में घूम रहे हैं। उन्हें पकड़ने के लिए सीआईए और कोतवाल छेहरटा की पुलिस टीम वहां पहुंची। जब एसएचओ छेहरटा ने आरोपी की मोटरसाइकिल को रोकने की कोशिश की तो आरोपी पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। इस दौरान एक गोली कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह के बाएं हाथ पर लगी, एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी पर लगी और एक गोली पुलिस वाहन पर लगी। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने आत्मरक्षा में अपनी पिस्टल से गोली चलाई, यह गोली गुरसिदक को लगी, जिससे वह घायल हो गया। विशाल सहित अन्य आरोपी मौके से भागने में सफल रहे। गुरप्रीत सिंह और गुरसिदक को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। गुरसिदक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हमलावरों के पाकिस्तान और आईएसआई से संबंधों की भी जांच की जा रही है। इस मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों को बिहार से अरेस्ट किया गया था। ये नेपाल भागने की फिराक में थे। इन युवकों पर आरोप है कि उन्होंने मंदिर पर हमला करने वाले आरोपियों को ग्रेनेड और हथियार सप्लाई किए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक, दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर मंदिर पहुंचे ।

## कठोपनिषद-10 ( तृतीय वल्ली)

उत्तम घोड़े को सारथी कर लेता काबू,
विज्ञानवान पुरुष का इंद्रियों वश में करने का चले जादू,
जरूरी है विज्ञान और चित्त की एकाग्रता,
परम पद मोक्ष की प्राप्ति ही है समग्रता,
जन्म- मरण के बंधन से जाता छूट,
ईश्वर से नाता होता जब अटूट,
विवेक बुद्धि युक्त पुरुष जब लगाए मन पर लगाम,
भवसागर से पार होकर पाए परम पद मोक्ष धाम,
इंद्रियों से गंधादि विषय पंचतन्मात्रारूप,
पंचतन्मात्रारूप से मन और मन से बुद्धि तत्व का स्वरुप,
मूल प्रकृति से भी परे परम पुरुष परमात्मा,
उससे परे कुछ नहीं वही अंतिम सीमा मानता,
सूक्ष्म प्रकृति से भी परमात्मा परम सूक्ष्म हुआ छिपा,
साधारण लोगों को कभी वह गूढ़ पुरुष नहीं दिखा,
जो पुरुष ब्रह्म तत्व के दर्शन करना चाहता,
पहले अपनी वाणी ज्ञानेंद्रियों को मन में लगाता,
मन की ज्ञानात्मा बुद्धि तत्व युक्त जब इंद्रियां हो निरुद्ध,
प्रकृति विकार अहंकार से जब हो युद्ध,
प्रकृति के सूक्ष्म से सूक्ष्म तत्व को कर लेता जब अनुभव,
अनन्तर परम सूक्ष्म तत्व परमात्मा का मिलन संभव
सृष्टि ज्ञान के अनन्तर ब्रह्म -प्राप्ति का यही मार्ग,
चले जीवन में जो अपनाकर सन्मार्ग,
सत्व, रज तम से मिलकर बनी प्रकृति,
करता मानव पर निर्भर कैसी रखे प्रवृत्ति।

क्रमशः



-डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

# सुनहरा लम्हा : धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स

-डॉ सत्यवान सौरभ



नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (करर) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक करर पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिसने सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। वापसी के बाद, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। इसरो (करफड) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान, की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफर यह दशार्ता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें।

उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स न केवल भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

## गड़े मुर्दे उखाड़ने से क्या मिलेगा

आजाद भारत में महाराष्ट्र के नागपुर शहर में पहली बार सांप्रदायिक हिंसा की घटना हुई है। सौ साल पहले 1923 में तत्कालीन सी पी एंड बरार की राजधानी नागपुर में हिंदू-मुस्लिम झगड़े हुए थे, 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यहां स्थापना हुई, मुख्यालय बना और उसके बाद 1927 में फिर यह शहर सांप्रदायिक हिंसा की चपेट में आया था। लेकिन आजादी के बाद नागपुर में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रहा।

संघ की गतिविधियों के बावजूद इस शहर में अमन-चैन कायम रहा तो इसका बड़ा श्रेय यहां की जनता को दिया जाना चाहिए। लेकिन सोमवार को जिस तरह यहां एक अनावश्यक विवाद और उकसावे के बाद हिंसा भड़क गई, उसे देखकर यह दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जनता का एक वर्ग अपने विवेक को ताक पर रखकर सांप्रदायिक राजनीति में उलझ गया, जिसमें अंततः नुकसान उसी का होना है।

इस हिंसा की पहली जिम्मेदारी सीधे तौर पर राज्य और केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा पर आती है, हालांकि देश और दुनिया की सबसे ताकतवर कही जाने वाली इस पार्टी में जिम्मेदारी उठाने के कोई संस्कार नजर नहीं आते। अलबत्ता एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने की होड़ यहां लगी रहती है। इसलिए यह उम्मीद करना बेमानी है कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस इस हिंसा में अपनी सरकार की नाकामी स्वीकार करेंगे, उनके इस्तीफे का तो सवाल ही नहीं उठता, जिसकी मांग विपक्ष उठा चुका है। नागपुर श्री फड़नवीस का गृहनगर है। उनकी राजनीति की शुरूआत यहीं से हुई। इस बार भी उन्होंने यहीं से चुनाव जीता है। उनके अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री नितिन गडकरी भी नागपुर से ही हैं। श्री गडकरी भी नागपुर से ही सांसद बने हैं।

भाजपा के इन दो कद्दावर नेताओं के रहते यहां किस तरह सांप्रदायिक शक्तियों को सिर उठाने का मौका मिला, यह सवाल तो भाजपा से बना है। दूसरा सवाल यह है कि सोमवार सुबह से ही नागपुर में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे, तब पुलिस प्रशासन सतर्क क्यों नहीं हुआ। क्या इस महकमे को अहसास नहीं था कि इस तरह की घटनाएं अक्सर किस अंजाम को पहुंचती हैं। तीसरा सवाल, देवेन्द्र फड़नवीस मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ गृह मंत्रालय भी संभाल रहे हैं और जब वे उपमुख्यमंत्री थे, तब भी गृहविभाग उनके ही पास था, फिर भी वे इतने बेखबर कैसे रहे कि उनके राज्य और उनके अपने शहर में कौन सी चिंगारी सुलग रही है। या इस चिंगारी को सुलगने और भड़कने देने का इंतजार उन्हें किन्हीं खास वजहों से था।

खैर, भाजपा या उसकी सरकार इन सवालों के जवाब देने की जगह विपक्ष को ही राजनीति करने का जिम्मेदार ठहरा देगी, इसकी पूरी उम्मीद है। नागपुर के अलावा सोमवार को महाराष्ट्र के कई और शहरों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए, गनीमत है कि किसी अप्रिय घटना की खबर और कहीं से नहीं आई। फिलहाल एक अहम मुद्दे पर विचार करना जरूरी है कि हिंदूवादी संगठनों को यकायक औरंगजेब की कब्र हटाने का जुनून कैसे सवार हो गया है और इसके लिए कारसेवा का आह्वान कर बाबरी मस्जिद तोड़ने की घटना किस प्रयोजन से याद दिलाई जा रही है? ऐसा नहीं है कि औरंगजेब की आलोचना पहली बार हुई हो। इतिहास के पन्नों में औरंगजेब को एक क्रूर शासक के तौर पर ही दर्ज किया गया है। लेकिन उस क्रूरता को वर्तमान में हिंसा और नफरत कायम करने की मूर्खता अभी की जा रही है। हाल ही में विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा के आने के बाद औरंगजेब पर विवाद और गहराया। इस फिल्म में शिवाजी के बेटे संभाजी की वीरता को दिखाना उद्देश्य था, लेकिन धर्म के उन्माद में डूबी जनता ने इसमें औरंगजेब के क्रूर चरित्र पर ज्यादा गौर फरमाया। रही-सही कसर बेतुकी राजनैतिक बयानबाजियों ने पूरी कर दी।

इस पूरे प्रकरण की कड़ी से कड़ी मिलाएं तो नजर आएगा कि जो कुछ भी कहा गया, आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए, ऐतिहासिक घटनाओं का मनमाना विश्लेषण हुआ, वह सब अनायास नहीं है, बल्कि एक चाल चलकर आगे की चार चालों का हिसाब लगाकर सारा खेल रचा गया। सपा सांसद अबू आजमी ने औरंगजेब के बारे में कहा था कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी।

# चुलबुली गौरैया के लिए घर में बनाएं घोंसला

प्रभुनाथ शुक्ल

हमारी सोच अब आहिस्ता-आहिस्ता बदलने लगी है। हम प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति थोड़ा मित्रवत भाव रखने लगे हैं। घर की छत या बालकनी में पक्षियों के लिए दाना-पानी डालने लगे हैं। गौरैया से हम फ्रेंडली हो चले हैं। किचन गार्डन और घर की बालकनी में कृत्रिम घोंसला लगाने लगे हैं। गौरैया हमारे आसपास आने लगी है। उसकी चीं-चीं की आवाज हमारे घर-आंगन में सुनाई पड़ने लगी है। गौरैया संरक्षण को लेकर ग्लोबल स्तर पर बदलाव आया है, यह सुखद है। फिर भी अभी यह नाकाफी है। हमें प्रकृति से संतुलन बनाना चाहिए। हम प्रकृति और पशु-पक्षियों के साथ मिलकर एक सुंदर प्राकृतिक वातावरण तैयार कर सकते हैं। जिन पशु -पक्षियों को हम अनुपयोगी समझते हैं वह हमारे लिए प्राकृतिक पर्यावरण को संरक्षित करने में अच्छी-खासी भूमिका निभाते हैं लेकिन हमें इसका ज्ञान नहीं होता।



गौरैया हमारी प्राकृतिक मित्र है और पर्यावरण में सहायक है। गौरैया प्राकृतिक सहचरी है। कभी वह नीम के पेड़ के नीचे फुदकती और चावल या अनाज के दाने को चुगती है। कभी घर की दीवार पर लगे आईने पर अपनी हमशक्ल पर चोंच मारती दिख जाती। एक वक्त था जब बबूल के पेड़ पर सैकड़ों की संख्या में घोंसले लटके होते थे लेकिन वक्त के साथ गौरैया एक कहानी बन गई। हालांकि पर्यावरण के प्रति जागरूकता के चलते हाल के सालों में यह दिखाई देने लगी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका है। दुनिया भर में 20 मार्च गौरैया संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी गौरैया संरक्षण के लिए लोगों से पहल की अपील कर चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा सदस्य बृजलाल के प्रयासों को ट्वीटर पर खूब सराहा था और कहा कि गौरैया संरक्षण को लेकर आपका प्रयास बेहतरीन और काबिले तारीफ है। राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने अपने घर में गौरैया संरक्षण को लेकर काफी अच्छे उपाय किए हैं। उन्होंने गौरैया के लिए दाना-पानी और घोंसले की व्यवस्था की है। जंगल में आजकल पंच सितारा संस्कृति विस्तार ले रही है। प्रकृति के सुंदर स्थान को भी इंसान कमाने का जरिया बना लिया है। जो पशु-पक्षियों के लिए खतरा बन गया है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर के प्रयासों से 20 मार्च का दिन गौरैया के नाम रखा गया। 2010 में पहली बार यह दुनिया में मनाया गया। गौरैया का संरक्षण हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इनसान की भोगवादी संस्कृति ने हमें प्रकृति और उसके साहचर्य से दूर कर दिया है। गौरैया एक घरेलू और पालतू पक्षी है। यह इंसान और उसकी बस्ती के पास रहना अधिक पसंद करती है। पूर्वी एशिया में यह बहुतायत पायी जाती है। यह अधिक वजनी नहीं होती। इसका जीवनकाल दो साल का होता है। यह पांच से छह अंडे देती है।

भारत की आंध्र यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी से अधिक की कमी बताई गई है। ब्रिटेन की रॉयल सोसाइटी आफ प्रोटेक्शन आफ बर्ड्स ने इस चुलबुले और चंचल पक्षी को रेड लिस्ट में डाल दिया है। दुनिया भर में ग्रामीण और शहरी इलाकों में गौरैया की आबादी घटी है। गौरैया की घटती आबादी के पीछे मानव विकास सबसे अधिक जिम्मेदार है। गौरैया पासेराडेई परिवार की सदस्य है लेकिन इसे वीवरपिंच परिवार का भी सदस्य माना जाता है। इसकी लंबाई 14 से 16 सेंटीमीटर होती है। इसका वजन 25 से 35 ग्राम तक होता है। यह अधिकांश झुंड में रहती है। यह अधिक से अधिक दो मील की दूरी तय करती है। मानव जहां-जहां गया, गौरैया उसका हमसफर बनकर उसके साथ गयी।

गांवों में अब पक्के मकान बनाए जा रहे हैं। जिसका कारण है कि मकानों में गौरैया को अपना घोंसला बनाने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है। पहले गांवों में कच्चे मकान बनाए जाते थे। उसमें लकड़ी और दूसरी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता था। कच्चे मकान गौरैया के लिए प्राकृतिक वातावरण और तापमान के लिहाज से अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराते थे, लेकिन आधुनिक मकानों में यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं होती। यह पक्षी अधिक तापमान में नहीं रह सकता। देश की खेती-किसानी में रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरैया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। केमिकल युक्त रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कीड़े-मकोड़े भी विलुप्त हो चले हैं। जिनमें गिद्ध, कौआ, महोख, कठफोड़वा और गौरैया शामिल हैं। इनके भोजन का भी संकट खड़ा हो गया है।

प्रसिद्ध पर्यावरणविद् मोहम्मद ई. दिलावर नासिक से हैं और वह बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने यह मुहिम 2008 से शुरू की थी। आज यह दुनिया के 50 से अधिक देशों तक पहुंच गयी है। दिलावर के विचार में गौरैया संरक्षण के लिए लकड़ी के बुरादे से छोटे-छोटे घर बनाए जाएं और उसमें खाने की भी सुविधा भी उपलब्ध हो। घोंसले सुरक्षित स्थान पर हों, जिससे गौरैयों के अंडों और चूजों को हिंसक पक्षी और जानवर शिकार न बना सकें। हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के सरोकार से लोगों को परिचित कराना होगा। आने वाली पीढ़ी तकनीकी ज्ञान अधिक हासिल करना चाहती है लेकिन पशु-पक्षियों से वह जुड़ना नहीं चाहती है। इसलिए हमें पक्षियों के बारे में जानकारी दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। जिससे हम अपनी पर्यावरण दोस्त को उचित माहौल दे पाएं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## ओएसडी डॉ प्रबलीन सिंह पहुंचे नारनौल गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 21 मार्च।** हरियाणा सरकार के ओएसडी डॉ प्रबलीन सिंह ओएसडी ने आज नारनौल के गुरु नानकपुरा स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में पहुंच कर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर सरदार तेजिंदर पाल सिंह की माता श्रवण कौर को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती कौर का गत 16 मार्च को देहांत हो गया था।

उन्होंने गुरुद्वारे में माथा भी टेका, अरदास की व लंगर का प्रसाद चखा। मंच संचालन सुरजीत सिंह अरोड़ा ने किया।

इस अवसर पर गुरविंदर पाल सिंह, प्रधान गुरुद्वारा सुरेंद्र सिंह चावला, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, अमरजीत सिंह रंधावा, प्रकाश सिंह गुरमेल सिंह बलदेव सिंह चहल वह उनका पूरा परिवार व सिख समुदाय के लोग प्रधान जगदीश झंडा जी, हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी सुदर्शन सिंह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुखदेव सिंह तलवाड़ी मौजूद थे।

## जिला परिषद की बैठक आयोजित

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 21 मार्च।** ग्रामीण विकास विकसित भारत के सपने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार ने कई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए हैं। हम सब टीम भावना के रूप में कार्य करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे। यह बात जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार ने आज डीआरडीए हाल में जिला परिषद की बैठक में कही। इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ मनोज कुमार भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से ही देश-प्रदेश का विकास संभव है। उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया।

इस बैठक में 5 एजेण्डे रखे गए। इस दौरान बस क्यू शैल्टर के कार्यों की समीक्षा की। वहीं आंगनबाड़ी निर्माण एवं रिपेयर के कार्यों की भी समीक्षा की।

अंत में उन्होंने पार्षदों से सामाजिक विकास कार्यों पर चर्चा की।

इस अवसर पर जिला परिषद के सीईओ ने कहा कि सभी अधिकारी इसी प्रतिबद्धता के साथ इन योजनाओं और कार्यक्रमों को सिरे चढ़ाएं।

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी हरिप्रकाश बंसल, जिला परिषद उप प्रधान भीम सिंह, सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार, सिविल सलाहकार रोहित, सभी जिला पार्षद सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व जल दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय में लगाया गया कानूनी जागरूकता शिविर

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 21 मार्च।** उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति लोहारू के द्वारा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री पवन कुमार के दिशा निर्देशानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। इस कैंप में पैनल अधिवक्ता सूबे सिंह ने छात्रों को विश्व जल दिवस की महता के बारे में और मानव अधिकारों के बारे में कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया। उपमंडल विधिक सेवा समिति लोहारू द्वारा व नालसा द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा लोगों को मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. सुखवीर सिंह, डॉ. पूनम, डॉ. राजेश सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मार्च में 12 नए शोरूम खोलेगा

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**रोहतक, 21 मार्च।** दुनिया का छठा सबसे बड़े आभूषण विक्रेता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए मार्च 2025 तक 12 नए शोरूम खोलने की तैयारी में है. इस हालिया विस्तार से 13 देशों में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 391 तक पहुंच जाएगी और कंपनी की मौजूदगी भारत के 19 राज्यों तक हो जाएगी. ये नए शोरूम मुंबई के पनवेल, पुणे के सिंहगढ़ रोड, ओडिशा के ब्रह्मपुर रोड और सौभाग्य नगर, झारखंड के धनबाद, कर्नाटक के होस्पेट, नगरभवी और चित्रदुर्ग, आंध्र प्रदेश के नांदयाल, अमलापुरम और मछलीपट्टनम एवं उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित होंगे. मलाबार ग्रुप ने विस्तार के इस चरण में कुल 600 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और इस वित्त वर्ष में विभिन्न पदों पर 406 कर्मचारियों की नियुक्ति की है. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लोकप्रिय एक्टर और ब्रांड एंबेसडर एनटीआर जूनियर के साथ एक उपभोक्ता जागरूकता अभियान की शुरूआत की है. यह कैंपेन ब्रांड को एक जिम्मेदार ज्वेलर के रूप में रेखांकित करता है और टिकाऊ व्यवस्थाओं असली हॉलमार्क वाली ज्वेलरी और प्रमाणित नेचुरल डायमंड्स को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता पर बल देता है. इस विस्तार को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हमारी विस्तार योजना वैश्विक स्तर पर उपस्थिति बढ़ाने और क्वालिटी पर केंद्रित, पारदर्शी खुदरा प्रैक्टिस उपलब्ध कराते हुए दुनिया भर में अधिक से अधिक लोगों को विश्वस्तरीय खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है. हम नैतिक व्यापार प्रथाओंऔर जिम्मेदार तरीके से सोर्सिंग करने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और ये हमारे मूल्यों के केंद्र में हैं. हम जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे हैं और नए बाजारों में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में हर शोरूम की शुरूआत से हम दुनिया के नंबर एक ज्वेलरी और लक्जरी ब्रांड बनने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहे हैं.

## श्रीमती सवित्री जिंदल के 75वें जन्मदिन पर जिंदल स्टेनलेस ने वृक्षारोपण कार्यकम का आयोजन किया



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**हिसार, 21 मार्च।** ओ. पी. जिंदल समूह की चेयरपर्सन एमेरिटस और हरियाणा की विधायक श्रीमती सवित्री जिंदल जी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर, जिंदल स्टेनलेस ने वृक्षारोपण कार्यकम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों, उच्चाधिकारी और जिंदल स्टेनलेस के सीनियर लीडर्स ने भाग लिया।

इस अवसर पर जिंदल स्टेनलेस (जेएसएल) द्वारा संरक्षित पार्कों में कुल 400 पौधे लगाए गए। लगाए पौधों में आजादिरैक्टा इंडिका, महागोनी, बेलपेत्रा, कंफोर, सेनना सियामिया, थेवेटिया, हैमिलिया पेंटेंस और नीरियम ओलियेंडर जैसी विभिन्न प्रजातियाँ शामिल थीं।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष और यूनिट हेड, जिंदल स्टेनलेस हिसार, श्री विजय कुमार बिंदलिश ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान हमारी चेयरपर्सन एमेरिटस श्रीमती सवित्री जिंदल जी को सम्मानित करने के लिए एक कदम है, जो सततता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उनके 75वें जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर, हम उन्हें निरंतर स्वस्थ और सफल जीवन की शुभकामनाएँ देते हैं।

जिंदल स्टेनलेस पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए सतत पहलों का समर्थन करता है। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम कंपनी के सामुदायिक और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक योगदान की निरंतर प्रयासों को याद दिलाता है।

# मानपुर इंडस्ट्री एरिया खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई

**मृतक की गर्दन व मुंह पर तेज धारदार हथियार से कई वार किए गए। सूचना मिलने पर डायल 112 व थाना सदर जगाधरी पुलिस मौके पर पहूंची**

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**यमुनानगर, 21 मार्च।** यमुनानगर के सदर थाना जगाधरी क्षेत्र मानपुर इंडस्ट्री एरिया पार्ट 2 में शुक्रवार की सुबह मुंडा खेड़ा निवासी भारत भूषण का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ मिला। खून से लथपथ

शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की गर्दन बुरी तरह कटी हुई थी और मुंह पर कई धारदार हथियार से वार किए थे। मृतक भारत भूषण (40) एक टांग से अपाहिज भी है। जहां मृतक का शव पड़ा था वही उसकी कार भी वही खड़ी थी और कार का एक दरवाजा




भी खुला हुआ था। आसपास के लागों ने खून से लथपथ पड़ा हुआ शव पड़ा हुआ देखा तो तुरंत मामले की सूचना डायल 112 को दी सूचना मिलते ही थाना सदर जगाधरी पुलिस व सीआइए -1 की टीमें मौके पर पहूंची। पुलिस ने आसपास के इलाके में सर्च भी किया की कही

सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहूंचे,मृतक का भाई कर्मवीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है,जल्द अरोपियों को गिरफतार कर लिया जाएगा।

**-तरसेम सिंह,थाना प्रभारी सदर जगाधरी**

**फोटो:यमुनानगर 1- जांच करती पुलिस ।**

बदमाशों ने भारत भूषण की हत्या करने के बाद हथियारों को आसपास सर्च किया लेकिन कोई सुराग नही मिला। पुलिस ने इस मामले की हर एंगल से जांच करना शुरू कर दी है । थाना सदर जगाधरी के जांच अधिकारी हरिराम सिंह ने बताया की क्राइम टीमों को भी मौके पर बुला गया था। वही सीन ऑफ क्राइम टीम भी मौके पर पहुंच गई कार के अंदर की जांच की जांच में कार से शराब की बोतल और मृतक का मोबाइल भी मिला।

जबकि मृतक के हाथ में घड़ी और सोने का कड़ा भी उसके हाथ में ही था। फिलहाल यह स्पष्ट हो गया है की लूटपाट के इरादे से हत्या को अंजाम नहीं दिया गया है। मृतक का भाई कर्मवीर सिंह का कहना है कि जिस जगह पर हत्या हुई है वह भारत भूषण का कभी भी आना-जाना नहीं था क्योंकि उनका घर हाईवे पर पड़ता है और यह सुनसान और जंगल का इलाका है शाम 6 बजे भारत भूषण घर से निकला था और उसके बाद वह घर नहीं लौटा और अपना फोन भी नहीं उठा रहा था जिसके बाद उन्होंने थाने में संपर्क कर जब लोकेशन निकलवाई तो उन्हें मानकपुर इंडस्ट्रियल एरिया पार्ट 2 में भारत भूषण की लोकेशन मिली। हालांकि उससे पहले पुलिस को हत्या की जानकारी मिल चुकी थी।

# मानसून से पहले सभी नालों व ड्रेन की होगी मुकम्मल साफ-सफाई: निगमायुक्त

**निगमायुक्त ने अभियंताओं को एक सप्ताह में अनुमान तैयार करने के दिए आदेश**

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 21 मार्च।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए निगम अभियंतओं को एक आदेश जारी कर कहा कि शहर के सभी बड़े नाले, मुगल कैनाल (कर्ण कैनाल), ड्रेन नम्बर-1, तथा मध्यम व छोटे नालों की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित स्टोरम वाटर डिस्पोजल पम्प की मरम्मत इत्यादि कार्य भी समय रहते शुरू करवाए जाएं।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष मानसून से पूर्व उपरोक्त सभी नालों व ड्रेन की सफाई करने व गाद निकालने का कार्य किया जाता है।

उन्होंने सभी कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठद्द अभियंता व तकनीकी विशेषज्ञ को आदेश देते कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाले सभी नालों, ड्रेन व डिस्पोजल पम्पों की साफ-सफाई, गाद निकालने तथा मरम्मत इत्यादि कार्य करवाने के लिए उचित अनुमान तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय दिया, ताकि समय रहते प्रशासनिक मंजूरी देकर निविदाएं आमंत्रित की जा सकें।

निगमायुक्त ने अभियंताओं से कहा कि मानसून को लेकर ड्रेन व नालों की सफाई करवाने के सभी कार्य समय रहते शुरू करवा लिए जाएं, ताकि शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो और शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आदेशों की सख्ती से पालना की जाए।

## लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समाधान

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** उपमंडल अधिकारी अमन कुमार ने कहा कि एक ही छत के नीचे लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इतना ही नहीं समाधान शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा है। इन समाधान शिविरों के माध्यम से कोई भी नागरिक किसी भी विभाग से सम्बन्धित समस्या को रख सकता है और उनका मौके पर समाधान करवा सकता है। एसडीएम अमन कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में बोल रहे थे। इससे पहले एसडीएम अमन कुमार व सदस्य रामपाल पाली ने विभिन्न विभागों और क्रिड विभाग से सम्बन्धित 55 समस्याओं को सुना और इनमें से 45 समस्याओं का मौके पर समाधान किया है तथा शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

# किसानों की ज्यादा फसलें एमएसपी पर खरीदने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य : श्याम सिंह राणा

**कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने लाडवा अनाजमंडी का किया निरीक्षण, सरसों की खरीद का लिया जायजा**

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा देश का प्रथम राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है, इसके साथ-साथ बीज खाद कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा किसानों को अनुदान राशि भी प्रदान की जाती है। अहम पहलू यह है कि मंडियों में सरसों के साथ-साथ अन्य फसलों के खरीद कार्य में किसानों और व्यापारियों को रत्ती भर भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को लाडवा अनाजमंडी में औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। यहां पर कृषि मंत्री ने सरसों की खरीद कार्य का जायजा लिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों, व्यापारियों से बातचीत कर खरीद कार्य के बारे में फीडबैक ली और कृषि मंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिए कि किसानों को फसल



बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए और जल्द से जल्द किसानों की फसल खरीदी जाए। इस मामलें में अगर किसी अधिकारी, कर्मचारी ने लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही अधिकारियों मंडियों में किसानों, व्यापारियों और मजदूरों के लिए तमाम सुविधाएं और व्यवस्थाएं करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उनकी सोच हमेशा किसान हित की रही है, क्योंकि वह स्वयं भी किसान परिवार से जुड़े हुए हैं और किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं और सरकार का प्रयास है कि जनहित की योजनाओं का लाभ किसान के साथ-साथ हर वर्ग को मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के साथ-साथ हर क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों से सबसे आगे है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती देश के हर नागरिक के लिए बहुत जरूरी है। प्रदेश के वर्ष 2025-2026 के बजट में सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती के क्षेत्र को 25 हजार एकड़ से बढाकर एक लाख एकड़ करने का लक्ष्य रखा गया है। निश्चित तौर से प्राकृतिक खेती करने से लोगों को जहरमुक्त अनाज व पशुओं को घास मिलेगा और हमें बीमारियों से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों का प्रयोग नहीं होता है, बल्कि प्रकृति में आसानी से उपलब्ध होने वाले प्राकृतिक तत्वों तथा जीवाणुओं के उपयोग से खेती की जाती है। यह पद्धति पर्यावरण के अनुकूल है तथा फसलों की लागत कम करने में कारगर है।

## एचएमएसआई ने फतेहाबाद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का किया आयोजन



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**फतेहाबाद, 21 मार्च।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए फतेहाबाद, हरियाणा में जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल के तहत, गवर्नमेंट आईटीआई के 1500 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों को जिम्मेदार सड़क व्यवहार के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। फतेहाबाद में आयोजित इस अभियान में सेफ्टी राइडिंग लेसन, डेंजर प्रेडिक्शन ट्रेनिंग, खेल, क्विज, हेलमेट जागरूकता और राइडिंग ट्रेनर मॉड्यूल जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। इन इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा शिक्षा को न केवल दिलचस्प बनाया गया, बल्कि इसे व्यावहारिक रूप से भी प्रभावी बनाया गया, ताकि प्रतिभागी सड़क सुरक्षा दिशा-निर्देशों को सीखने के साथ-साथ सड़क पर जिम्मेदारी का भी पालन करें।

एचएमएसआई ने इस पहल को सफल बनाने में गवर्नमेंट आईटीआई के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। छात्रों और स्टाफ सदस्यों की उत्साही भागीदारी ने जिम्मेदार सड़क व्यवहार के प्रति जागरूकता फैलाने और सुरक्षित सड़कों की दिशा में कार्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एचएमएसआई अपने चल रहे सड़क सुरक्षा अभियानों के माध्यम से अब तक हरियाणा में करीब 3 लाख वयस्कों और बच्चों तक पहुँच चुका है, जिन्हें सड़क पर सही निर्णय लेने के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया है। ऐसे अभियानों के माध्यम से, ल्टरक सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सभी के लिए जिम्मेदार ड्राइविंग व राइडिंग आदतों को प्रोत्साहित **करने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है।**

# नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर कुरुक्षेत्र के गांव और शहरी क्षेत्र में पहुंचेगी साइक्लोथॉन : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र में 21 अप्रैल को अंबाला के रास्ते पहुंचेगी साइक्लोथॉन**

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन की दूसरी यात्रा कुरुक्षेत्र के गांव और शहरी क्षेत्र में पहुंचेगी। इस साइक्लोथॉन में पूरे प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र के भी हजारों युवा और नागरिक भाग लेंगे। इसके लिए कोई भी नागरिक, खिलाड़ी हरियाणा उदय पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाकर कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में अपना सहयोग दे सकता है। उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को उपायुक्त आवास कार्यालय पर साइक्लोथॉन यात्रा के प्रबंधों को



लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रही थी।

इससे पहले चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को आदेश दिए गए कि साइक्लोथॉन का दूसरा चरण 5 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। यह साइक्लोथॉन 5 अप्रैल को हिसार से चलकर 27 अप्रैल को सिरसा जिले में सम्पन्न होगी। इस साईकिलोथॉन का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे और लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि साइक्लोथॉन में प्रदेश भर से 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। हालांकि गत वर्ष साइक्लोथॉन के पहले चरण में करीब 45 लाख लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी। उपायुक्त ने कहा कि साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र जिले में 21 अप्रैल को अंबाला से प्रवेश करेगी। यह साइक्लोथॉन कुरुक्षेत्र की मोहडी, खानपुर जाटान, चढूनी जाटान,खानपुर कोलिया और रात्रि कुरुक्षेत्र में ही साइक्लोथॉन यात्रा रुकेगी और 22 अप्रैल को सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन को कैथल जिले के लिए रवाना किया जाएगा। यह यात्रा कुरुक्षेत्र के कमौदा, पिंडारसी के साथ-साथ मार्ग में आने वाले अन्य गावों में भी पहुंचेगी। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## टीबी को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : डा. संदीप अग्रवाल



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में (सीएमई) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें कुरुक्षेत्र के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. संदीप अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और अपना सम्बोधन दिया। डा. संदीप अग्रवाल ने कहा कि टीबी के वैश्विक बोझ और इसके उन्मूलन की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए सभी को एकजुटता के साथ प्रयास करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्ञान को बढ़ाना और टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में नवीनतम विकास पर चर्चा की गई। इस वर्ष के विश्व टीबी दिवस का विषय हाँ, हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं, पूरे सत्र में गूंजता रहा। जिसमें टीबी को मिटाने के लिए सहयोगी प्रयासों के महत्व पर जोर दिया गया। सीएमई क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञों डा. विशाल चोपड़ा, डा. सुखवंत डब्ल्यूएचओ सलाहकार, डा. नितिन तांगरी के नेतृत्व में टीबी को लेकर गहनता से व्याख्यान दिये गये। सत्र के बाद अत्याधुनिक नयी तकनीकों, उभरते उपचार के तरीकों और सामुदायिक जागरूकता और जुड़ाव को बढ़ाने की रणनीतियों पर विशेष प्रस्तुतियाँ दीं गईं। आदेश मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल डा. नवदीप सिंह लांबा ने प्रतिष्ठित वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और चिकित्सा शिक्षा को आगे बढ़ाने और टीबी के खिलाफ लड़ाई में योगदान देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी शामिल रही। जिसमें बैच-2021 के छात्रों ने टीबी के बारे में अपनी रचनात्मकता और जागरूकता दिखाई और विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किये गये।

# कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 21 मार्च।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण भिवानी एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार के दिशा निर्देशानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित शिविर में पैनल अधिवक्ता मनोज ठोलिया द्वारा



छात्रों को लोक अदालत के बारे में और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कानूनी अधिकारों व उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण लोहारू व नालसा द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया तथा लोगों को मिलने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लीगल लिट्रेसी क्लब संयोजक राजीव वत्स ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि इस तरह के शिविर विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने में सहायक हैं। इस अवसर पर प्राचार्या पूनम श्योराण, लीगल लिट्रेसी क्लब संयोजक राजीव वत्स, प्रवक्ता राजीव आर्य, सोमबीर शास्त्री, बबिता डीपीई, जगवीर सिंह, मुनेश, मुकेश सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# दिल्ली स्थित मणिपाल हॉस्पिटल ने झज्जर में मरीजों के लिए सुपर स्पेशलिटी ओपीडी की शुरूआत की

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**झज्जर, 21 मार्च।** दिल्ली के मशहूर हैल्थकेयर प्रदाता, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल ने आज झज्जर में ओंकार मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल और मेडिकेयर सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ गठबंधन में अपनी सुपर स्पेशलिटी ओपीडी की शुरुआत कर दी। इस नई ओपीडी का उद्देश्य हड्डी, गैस्ट्रो, और कैंसर के मरीजों को विश्वस्तरीय इलाज और विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करना है। इन ओपीडी के बारे में डॉ. राजीव वर्मा, चेयरमैन, मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ बोन एंड जॉइंट्स, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने कहा, ह्यह्हड्डियों की फिक्र लोगों को तब तक नहीं होती है, जब तक हड्डी टूट न जाए या फिर उसमें क्रोनिक दर्द शुरू न हो जाए। जीवनशैली गतिहीन होने के साथ ऑस्टियोपोरोसिस, आर्थराइटिस, और जोड़ों की समस्याएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। इसलिए नियमित तौर से बोन डेंसिटी स्क्रीनिंग के साथ उचित पोषण और चुस्त जीवनशैली बहुत आवश्यक हो गए हैं। हम जितनी जल्दी कदम उठाएंगे, हमारी हड्डियों और जोड़ों की उतनी ही बेहतर रक्षा हो सकेगी, तथा हम भविष्य में दर्द



से अपना बचाव कर पाएंगे ह्लह्लडॉ. अनादि पचौरी, कंसल्टैंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने कहा, ह्यह्यकैंसर और उम्र का संबंध कम होता जा रहा है क्योंकि कई युवाओं में भी कैंसर के मामले सामने आने लगे हैं। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और स्तन कैंसर आदि का निदान अगर तुरंत हो जाता है, तो उन्हें पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है, लेकिन लोग इनके लक्षणों को नजरंदाज कर देते हैं।

नियमित जाँच, जागरुकता, और सक्रिय दृष्टिकोण द्वारा बचने की दर और जीवन में काफी सुधार लाया जा सकता है ह्लह्लडॉ. आदिल फारूक मलिक, कंसल्टैंट - मेडिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने कहा, ह्यह्यखराब आहार, अत्यधिक तनाव, और प्रोसेस्ड फूड ज्यादा खाने के कारण जीईआरडी, फैटी लिवर, और इरीटेबल बॉवेल सिंड्रोम जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारियाँ बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। इन बीमारियों की रोकथाम करके स्वस्थ रहने के लिए नियमित तौर से जाँच कराते रहना और जीवनशैली में सुधार काफी आवश्यक है ह्लह्लएचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स, दिल्ली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ लोगों को आधुनिक मेडिकल इलाज प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। झज्जर में ये विशेषज्ञ ओपीडी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## सूट देखने के बहाने हजारों के सूट लेकर महिलाएं फरार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 21 मार्च।** चोपटा में भादरा रोड पर शिव मंदिर के पीछे स्थित श्री श्याम क्लॉथ हाउस पर सूट देखने के लिए आई दो महिलाएं हजारों रुपए के सूट लेकर चंपत हो गई।
पुलिस को दी शिकायत में गांव शाहपुर बेगू निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उसकी चोपटा में लेडिज सूटों की दुकान है। उसने बताया कि बीती 17 मार्च की शाम को दो महिलाएं दुकान पर सूट लेने के लिए आई। उस समय रोहताश अकेला ही दुकान पर था और उनको सूट दिखा रहा था। ढेर सारे सूट दिखाने के बाद महिलाओं ने कहा कि हमें और बढि ?ा सूट दिखाओ। रोहताश पास की दुकान से सूट लेने चला गया, जब वह वापिस आया तो वो दोनों महिलाएं वहां से ढेर सारे सूट लेकर फरार हो गई। उसने अपने स्तर पर दोनों महिलाओं की काफी तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस 2025 पर पर्यावरण संरक्षण और सतत प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**हिसार/करनाल, 21 मार्च।** दुनिया जब 'विश्व वन दिवस' और 'विश्व जल दिवस' मना रही है, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह वैश्विक टोयोटा एनवायरमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 (टीईसी 2050) को मूर्त रूप देती है। इसमें "शून्य पर्यावरणीय प्रभाव से आगे बढ़ना और शुद्ध सकारात्मक प्रभाव प्राप्त करना" जैसी छह दूरदर्शी चुनौतियाँ शामिल हैं। इनमें पानी के उपयोग को न्यूनतम और इष्टतम करना तथा प्रकृति के साथ सद्भाव में भविष्य के समाज की स्थापना भी की जानी है। अपने विचार साझा करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और डायरेक्टर (विनिर्माण) श्री बी पद्मनाभ ने कहा, "हमारे लिए, निरंतरता हमारे व्यवसाय के हर पहलू में गहराई से समाहित है। भारत में हमारे सफल संचालन के इन 26 उल्लेखनीय वर्षों में, हमारी यात्रा हमेशा नवाचार, कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और समुदायों के साथ सार्थक संबंधों के माध्यम से स्थायी मूल्य बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित रही है। टीईसी 2050 द्वारा निर्देशित, हम न केवल अपने संयंत्र संचालन में बल्कि पूरे मूल्य श्रृंखला में अग्रणी स्थिरता प्रथाओं को एकीकृत करते हैं, जिससे समाज में वास्तविक परिवर्तन होता है। हमारा विजन स्पष्ट है - एक ऐसा भविष्य बनाना जहाँ स्थिरता और कल्याण एक साथ पनपें, जीवन को समृद्ध करें, जबकि हमारे ग्रह की रक्षा करें। टोयोटा एनवायरमेंटल चैलेंज 2050 की स्थापना 2015 में हुई थी। तबसे टोयोटा एनवायरमेंटल चैलेंज कंपनी की निरंतर जारी रहने वाली पहल का मार्गदर्शन करना जारी रखती है। इससे पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में सकारात्मक योगदान संभव हो पाता है, इसके लिए कार्बन उत्सर्जन, संसाधनों की कमी, पानी की कमी और इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जैव विविधता के नुकसान जैसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। टीकेएम की प्रतिबद्धता के केंद्र में 'ग्रह के प्रति सम्मान' का गहन दर्शन निहित है, जो पारिस्थितिकी तंत्र और स्थानीय समुदायों को समृद्ध करते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के कंपनी के प्रयासों को प्रेरित करता है।
इस दिशा में, पानी को एक अमूल्य और साझा संसाधन के रूप में पहचानते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर अपने प्लांट में पानी के उपयोग को अनुकूलित और सर्वश्रेष्ठ करने के लिए एक समग्र '4आर' रणनीति का पालन करता है। ये हैं रिड्यूस - कम करें, री यूज - पुनः उपयोग करें, रीसाइकिल - रीसाइकिल करें और रीचार्ज करें। उत्पादन के लिए टीकेएम की पानी की कुल आवश्यकता का 89.3% हिस्सा रीसाइकिल किए गए पानी और वर्षा जल संचयन के माध्यम से पूरा किया जाता है। 51,000 क्यूबिक (घन) मीटर की भंडारण क्षमता वाले वर्षा जल संचयन तालाबों और 18 भूजल पुनर्भरण गड्ढों के साथ, टीकेएम अपने परिसर में सालाना भूजल स्तर को लगातार बढ़ाता है। एक अत्याधुनिक अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र एमबीआर और आरओ जैसी उन्नत तकनीक का उपयोग करके 60% तक अपशिष्ट जल को रीसाइकिल करता है। इसका उपयोग फिर औद्योगिक और बागवानी उद्देश्यों के लिए किया जाता है। इसके अलावा, भूजल स्तर की निगरानी से स्पष्ट लाभ दिखाई देते हैं: प्री-मानसून (मई-जून 2022) का स्तर 25.8 फीट था, जो मानसून के बाद (नवंबर-दिसंबर) 16.1 फीट तक उल्लेखनीय रूप से सुधर गया। ये पहल टीकेएम को शून्य तरल निर्वहन संयंत्र बनने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करती हैं, जो जल सकारात्मकता की ओर उत्तरोत्तर आगे बढ़ता है।जैव विविधता संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध, टीकेएम सक्रिय रूप से व्यापक वनरोपण पहल का समर्थन करता है। टोयोटा ग्रीनवेव परियोजना के माध्यम से, टीकेएम ने 2009 से अपने परिसर में 328,000 से अधिक पौधे लगाए हैं। इससे 790 से अधिक प्रकार की वनस्पतियों और 410 प्रजातियों के जीवों के साथ एक पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण हुआ है। वनरोपण की मियावाकी अवधारणा का पालन करते हुए, टीकेएम ने महत्वपूर्ण कार्बन पृथक्करण हासिल किया है - कुल 4,826.69 टन - मियावाकी वृक्षारोपण के साथ 30.86 टन कार्बन प्रति एकड़ संग्रहित किया गया, जबकि पारंपरिक वृक्षारोपण विधियों से 8.45 टन प्रति एकड़ का आंकड़ा है।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ने सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित की



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र ने सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित की है, जो 1.5 लाख करोड़ रुपया व्यापार अवसर को बढ़ावा देने और 2030 तक 500 जीडब्ल्यू भारत सौर ऊर्जा लक्ष्य को समर्थन देने के लिए है। डॉ. चंद्रशेखर एम, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र के मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर ने रेत से बने कुल्हड़ का उपयोग करके एक प्राकृतिक वाष्पीकरण शीतलन प्रणाली विकसित की है। यह प्रौद्योगिकी 30 जनवरी 2025 को भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद में गुजरात ऊर्जा इनोवेशन पुरस्कार 2024 में प्रदर्शित की गई और जीती। यह प्रौद्योगिकी प्रतिष्ठित मेहमानों को प्रस्तुत की गई, जिनमें जगदीश विश्वकर्मा, मंत्री, खादी, ग्रामीण और कुटीर उद्योग, गुजरात सरकार, प्रो. पद्मश्री अनिल कुमार गुप्ता, नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन, भारत सरकार, हनी बी नेटवर्क और गुजरात ग्रासरूट इनोवेशन ऑगमेंटेशन नेटवर्क के संस्थापक, और अन्य सम्मानित अतिथि, शोधकर्ता, उद्योगपति और नवप्रवर्तक शामिल थे, जो इस इनोवेशन प्रतियोगिता में भारत और विदेश से भाग ले रहे थे। डॉ. चंद्रशेखर ने उल्लेख किया कि ऊर्जा एक राष्ट्र के विकास के लिए बुनियादी आवश्यकता है, जो उन्हें सौर ऊर्जा का उपयोग करके अधिक ऊर्जा उत्पन्न करने वाली प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए प्रेरित करता है, जो स्वच्छ, नवीकरणीय और टिकाऊ है। इससे कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पारिस्थितिकी का संरक्षण करने में मदद मिलती है। डॉ. चंद्रशेखर एम को 16 में से 11 पेटेंट मिले हैं, उनके पास 2 प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएं हैं, 4 पीएच.डी., 24 एम.टेक छात्रों को मार्गदर्शन किया है और सौर ऊर्जा पर 19 अंतर्राष्ट्रीय जर्नल प्रकाशन हैं। उन्होंने अंतरिक्ष हीटिंग, जल हीटिंग, सोलर ओवन और खाना पकाने के लिए सौर प्रौद्योगिकियां भी विकसित की हैं।
फोटो परिचय

# पीड़ित परिवार को मिलने वाली आर्थिक सहायता जल्द से जल्द दिलवाई जाए: एसडीएम मनोज दलाल

### एसडीएम की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 21 मार्च।** एसडीएम मनोज दलाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मनोज दलाल ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अनुसूचित जाति व जनजाति पर अत्याचार से संबंधित मामलों में पीड़ित व्यक्ति को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम ने एजेंडा के तहत रखे गए विचाराधीन मामलों पर सुनवाई कर जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों व कमेटी सदस्यों के साथ गहनता से विचार विमर्श किया। एसडीएम मनोज दलाल ने उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक में एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि विचाराधीन केसों के जल्द से जल्द निपटान किया जाए। एसडीएम ने एक नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक एससी/एसटी एक्ट के तहत 2 दर्ज मामलों की समीक्षा की। इनके पीड़ितों को विभाग द्वारा राहत राशि प्रदान कर दी गई है। एसडीएम ने कहा कि पीडित व्यक्तियों को नियमों व अत्याचार अधिनियम के तहत उनकी सहायता करने में संबंधित विभाग के अधिकारी देरी ना करें।
इसके लिए अधिकारी आपस में घनिष्ठ तालमेल स्थापित कर कार्य करें। इस अधिनियम के अधीन गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर अत्याचार किये जाने के फलस्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि विभिन्न प्रकार के अत्याचारों जैसे मारपीट, छेड़छाड़, गाली गलोच, बलात्कार तथा हत्या आदि के घटित होने पर प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के अत्याचार होने पर अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम) 1989 नियम 1995, के तहत पीड़ित को राहत राशि के लिए मापदण्ड अनुसार 85000 रुपये से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की राशि ऐसे केसों में प्रदान की जाती है, जिनकी एफ.आईआर अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) 1989 के तहत दर्ज की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल से अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों पर गंभीरता से कार्यवाई करें ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का अत्याचार या दुर्व्यवहार होता है तो पीड़ित परिवार को तुरंत प्रभाव से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इस अवसर पर डीएसपी भारत भूषण, टीडब्ल्यूओ अतुल कुमार, एडीए आनंद, अंकिता सहित समिति के सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

## व्यक्तित्व निखारने में मददगार होते हैं खेल: डॉ. मीना कुमारी



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 21 मार्च।** चौधरी देवीलाल राजकीय इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान पन्नीवाला मोटा की निदेशक प्रधानाचार्या डॉ. मीना कुमारी ने कहा कि खेल हर छात्र के व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को किसी न किसी खेल में भाग अवश्य लेना चाहिए।
वे शुक्रवार को संस्थान में जारी दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि खिलाडि ?ों को प्रोत्साहित कर रही थी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्थान पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। डॉ. मीना कुमारी ने सभी खिलाड़ी पूर्ण अनुशासन में खेलें। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक मौजूद थे। 100 मीटर लडकों की रेस में छात्र जानुम ने प्रथम स्थान, अंशुल ने द्वितीय व यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी स्पर्धा में लड़कियों के वर्ग में हिमांशी ने प्रथम स्थान, दीक्षा ने द्वितीय व सुनीला रानी ने तृतीया स्थान अर्जित किया। 200 मीटर रेस में छात्र जानुम ने प्रथम स्थान, अंशुल ने द्वितीय व कर्ण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में छात्रा हिमांशी प्रथम रही जबकि दीक्षा व दिशा सैनी क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। शॉटपुट में मनस्वी प्रथम रहा जबकि अजय सिंह व शाहिद क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। शॉटपुट में लड़कियों के वर्ग में हिमांशी, श्रद्धा शुक्ला व गीतिका क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहे। लड़कियों के वर्ग में टेबल-टेनिस स्पर्धा में संजना ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि हिमांशी द्वितीय स्थान व चंद्र तृतीय स्थान पर रही। वालीबॉल मुकाबले में मोहम्मद रफीक की टीम ने कप्तान अमनदीप की टीम को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया।

# लोहारू, बहल तथा सिवानी में औद्योगिक क्षेत्र तथा हुड्डा के सेक्टर विकसित किए जाएंगे: जेपी दलाल

### लोहारू में रिंग रोड निर्माण के लिए करेंगे प्रयास: पूर्व मंत्री जेपी दलाल

**अमित वालिया, लोहारू**
पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने शुक्रवार को लोहारू विधानसभा क्षेत्र के फरटिया केहर, बारवास , ढाना जोगी, सेहर, बड़दु नई, सिवाच, ढाणी भाकरा, सैनीवास, सिवानी तथा गुढ़ा आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो लोकतांत्रिक ढंग से पदाधिकारी चुनती है और कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। भाजपा हर वर्ग की भलाई के लिए अंतोदय की भावना से पारदर्शिता के साथ कार्य करती है। पूर्व मंत्री ने कहा कि लोहारू शहर में करोड़ों रुपए की लागत से एक कम्युनिटी सेंटर बनाया जाएगा जो विवाह समारोह आदि सार्वजनिक कार्यों के लिए प्रयोग किया जा



सकेगा। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि लोहारू के ऐतिहासिक किले को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा तथा इसके लिए करोड़ों रुपए की ग्रांट भी मंजूर कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भी बाईपास या लिंक रोड की जरूरत है वहां बाईपास और लिंक रोड का निर्माण करवाया जाएगा। लोहारू, बहल और सिवानी तीनों को आदर्श कस्बा मनाया जाएगा। लोहारू, बहल तथा सिवानी में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे साथ ही इन कस्बों में हुड्डा के सेक्टर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनहित में नई-नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए लाडो लक्ष्मी नाम की योजना शुरू की गई है।
इस योजना के तहत 2100 रुपए प्रत्येक महिला के खाते में डाले जा रहे हैं। महिलाओं हितों की रक्षा के लिए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया जा रहा है। किसान की 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। बिन खर्ची बिन पर्ची के योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है। इस अवसर पर अनेक पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 21 मार्च।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति डा. नरसी राम बिश्नोई को विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर छात्र नेता विजय अरोड़ा एवं छात्र नेता सतबीर साहनी के नेतृत्व में 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। उन्होंने बताया कि सीडीएलयू की वेबसाइट पिछले 10 दिनों से ठप है व हजारों कि संख्या में विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरने, फीस जमा कराने, माइग्रेशन प्राप्त करने, रिजल्ट समय पर न मिलने जैसी समस्याओ से जूझ रहे है व विवि प्रशासन को इस बारे पहले भी अवगत करवाया, लेकिन समस्याओं का समाधान न हुआ। इसके साथ रिअपीयर फॉर्म भरने कि अंतिम तारीख को बढ़ाया जाए। सीडीएलयू द्वारा एनसीसीएफ कंपनी का टेंडर तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए व एनसीसीएफ क पनी कि कानूनी जांच कि जाए व किसी अन्य क पनी को टेंडर दिया जाए। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय का नियम है कि जिन विद्यार्थियों की आयु 32 वर्ष है एवं जो विद्यार्थी एक बार मास्टर डिग्री कर लेता है, उसे पुनः विवि में एडमिशन नहीं दिया जाएगा, इस नियम को तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाए। सीडीएलयू में पुनर्मूल्यांकन का नियम है कि जिस बच्चे के नंबर 15 प्रतशत से अधिक बढ़ते हैं तो उत्तर उत्तर पुस्तिका को दूसरे रिएवुलेटर के पास भेजा जाता है व इनक्रीज मार्क्स का 50 प्रतिशत कट किया जाता है, नियम को वापस लिया जाए। सीडीएलयू का नियम है कि डुप्लीकेट डीएमसी डिग्री डिप्लोमा सर्टिफिकेट बनवाने के लिए विश्व विद्यालय द्वार भारत में आवेदन के लिए प्रति कॉपी 7000 रु हैं, नियम को वापस लिया जाए। विश्वविद्यालय में एक बिल्डिंग का नाम शहीद निशान सिंह भावद्दीन के नाम से रखा जाए। हॉस्टल साइड सडक को तुरंत प्रभाव से बनाया जाए। विश्वविद्यालय के सभी शौचालयों की पाइपों को ठीक किया जाए और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधि विभाग में कंप्यूटर लैब को पुनः सक्रिय किया जाए। सीडीएलयू में कोर्स की फीस बढ़ाने को लेकर ईसी (एक्जीक्यूटिव काउंसिल) में मंथन किया जाना है, कृपया कर फीस न बढ़ाई जाए। सीडीएलयू के डिपार्टमेंट में एक दो को छोडकर किसी भी डिपार्टमेंट में केमिकल नहीं है, कृपया कर विद्यार्थियों को डिपार्टमेंट में जल्द से जल्द केमिकल उपलब्ध करवाई जाए। विवि के कुलपति डा. नरसी राम बिश्नोई ने आश्वासन देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं पर अमल किया जाएगा व विद्यार्थी हित में देखते हुए विवि प्रशासन फैसले लेगा। इस मौके छात्र नेता विजय, श्रवण, चंदन सोनी, राजेंद्र सिंह, आजाद सिंह, प्रेमचंद, जगदीप कंबोज, छात्र नेता सुमित मेहता व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बेटियों के जन्म पर जिले के 12 गांवों में किया गया कुआं पूजन

### बेटियों के नाम पर महिलाओं ने गाए गीरही

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 21 मार्च।** शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिले के बालू, कांगथली, सीवन, गुहणा, रसूलपुर, कुतुबपुर, हाबड़ी, रसीना, बाकल, खेड़ी, कुराड़, दीवाल आदि गांवों में बेटियों के जन्म पर कुआं पूजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत सुपरवाईजरों द्वारा इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में अहम भूमिका



निभाई। जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिले में हर सप्ताह गावों में सेल्फी विद डॉटर अभियान, कुआं पूजन एवं पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को बेटियों के बारे में जागरूक करना है, जिस पर आज जिन गावों में बेटियों ने जन्म लिया है, उनके घर जाकर बेटियों के नाम पर कुआं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बेटियों के नाम पर गीत भी गाए गए। बच्ची की मां के सिर पर कलश रखकर कुएं पर पहुंच कर पूजन किया गया। जिसमें गांव की महिलाओं के द्वारा भी भाग लिया गया। उन्होंने कहा कि बेटियों के नाम आते ही चेहरे पर खुशी दौड़ जाती है। बेटियां घर की शोभा होती है। जिस घर में बेटी का सम्मान किया जाता है, उस घर में भगवान का निवास होता है। बेटियां दो परिवारों को जोड़ती है। इस अवसर पर महिलाओं को पुरस्कार भी दिए गए। ब्लॉक सुपरवाईजर सविता, कुसुम, शिल्पा, निशा, सपना, बीरमति, सुमन, अंजलि, कविता, पूजा, अनिता आदि के द्वारा गावों में कार्यक्रम को आयोजित करवाने में अहम भूमिका निभाई गई। इस अवसर पर सभी सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर आदि मौके पर उपस्थित रही।

# गो सेवा मानव का परम धर्म: योगेन्द्र महाराज

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**बहल, 21 मार्च।** दादा गोसाईं धाम बिधनोई में जारी श्रीकृपा गौ कथा चोथे दिन कथा वाचक आचार्यश्री योगेन्द्र महाराज ने श्रोताओं को बताया कि गो सेवा मानव का परम धर्म माना गया है। जिनके घर में गौमाता वास करती है। उनके यहां संकट दूर दूर तक नहीं आते हैं। गौ माता के शरीर में 33 कोटी देवी देवता न केवल वास करते। बल्कि जब गौ सेवक को संकट घेर लेती है तब संकट से घिरे लोग देवी-देवताओं के पास जाकर मन्नतें मांगते हैं। लेकिन अंतरिक्ष में देवी देवताओं की शक्तियां सूर्य की किरणें की तरह फैली हुई है। उन सभी शक्तियों को एक जगह करने के लिए गौ माता का पालन व सेवा सरल उपाय है। गौमाता जिनसे प्रसन्न रहती है। उनके घरों में देवी-देवताओं के आशीर्वाद की कृपा बनी रहती है। कथावाचक आचार्यश्री योगेन्द्र महाराज ने बताया कि
गोमूत्र सेवन से शरीर में व्याप्त बिमारियों का इलाज होता है और व्याधियों से छुटकारा मिलता है। उन्होंने श्रोताओं से आग्रह किया कि जब भी भगवान का अभिषेक किया जाए तो गौ दुग्ध से अभिषेक करना चाहिए। सरकार को गौ माता के अनादर व हत्या को रोककर संपूर्ण हिंदू राष्ट्र बनाने की ओर सशक्त संकल्प लेना चाहिए। गोमूत्र के सेवन शक्ति से हास्पिटल बंद हो सकते है। कथा वाचक आचार्यश्री ने बताया कि आज लोग शराब, गुटखा तंबाकू नशे करके उस शरीर को बर्बाद कर रहे हैं। इसे गौ माता की कृपा नहीं प्राप्त होगी। वह खुश नहीं रह सकते हैं। उन्होंने ने श्रोताओं से संकल्प के रूप में नारे लगवाए, मधुशाला नहीं गौशाला चाहिए। गाय पर अत्याचार मत करो, गाय जब दूध देना बंद कर देती है, तो उस गाय की गोबर मूल्यवान होती है। गोबर से दीपक, मूर्ति, प्रकृति खाद का प्रयोग करें। मौके पर उपस्थित श्रद्धालु के संग भजनों ने वातावरण भक्तिमय बनाकर रख दिया। कथा के संयोजक गोसाई धाम के महंत बाल योगी दिवाली नाथ व अन्य गोसवेकों ने आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित करवाया इस अवसर पर अनेक साधु संत भी मौजूद रहे।

## भेड़ चोरी मामले में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**बहल, 21 मार्च।** डिटेक्टिव स्टाफ, लोहारू ने मंढोलीकलां के मवेशी पालक श्री भगवान की भेड़ चोरी मामले में दूसरे आरोपित गिरफ्तार किया गया है और उससे 25 सौ रुपए बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान अमदा वासी दिनोद हाल वासी बहल के रूप में हुई है। भेड़ चोरी का मामला श्रीभगवान वासी मंढोलीकलां ने फरवरी , 2022 में बहल पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाया था। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि रात को उनके भेड़ फार्म से जाली तोड़कर 25 भेड़ चोरी करने की शिकायत दी थी और पुलिस ने चोरी की धाराओं के तहत अभियोग में दर्ज किया था।

## स्पेन भेजने का झांसा देकर ठगे 40 लाख, जिले के 13 युवा हुए शिकार, केस दर्ज, जांच शुरू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 21 मार्च।** युवाओं को स्पेन भेजने का झांसा देकर जिला के 13 लोगों से 40 लाख 34 हजार रूपए ऐंठने के मामले में पुलिस ने आरोपी व उसकी सहायिका के खिलाफ केस दर्जकर जांच आरंभ की है। इन ठगी का शिकार हुए जिला के 13 लोगों ने पुलिस प्रशासन से उक्त ठगी के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। रकम हड़प कर एजेंट व उसकी महिला सहयोगी फरार हो गए हैं।
पुलिस को दी शिकायत में जिला के 13 पीड़ित जिनमें राज सिंह निवासी गांव रंधावा से 3.30 लाख, संजीव कुमार निवासी गांव चामल से 2.60 लाख, शिवदत्त निवासी गांव रंधावा से 3.30 लाख, कृष्ण निवासी गांव रंधावा से 3.00 लाख, नवीन निवासी गांव ढाणी गारण (बरवाला) से 3.20 लाख, करण निवासी गांव ढाणी गारण (बरवाला) से 3.20 लाख, रवि निवासी गांव ढाणी गारण (बरवाला) से 3.20 लाख, श्याम सुंदर निवासी गांव ढाणी गारण (बरवाला) से 3.20 लाख, रमेश कुमार निवासी गांव अलीका (रतिया) से 3.40 लाख, गुरुसेवक सिंह निवासी मौजूखेड़ा से 3.10 लाख, अमनदीप निवासी अहमदपुर से 50 हजार रुपए, जग्गा सिंह निवासी मढ़ (फतेहाबाद) से 3.55 लाख शामिल है।

टिकट, वीजा निकले फर्जी:

उक्त शिकायतकताओं की शिकायत मिलने पर सिविल लाइन थाना में उनके खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों ने किसी से 50 हजार तो किसी से साढे 3 लाख से अधिक रुपए लिए हैं। पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के पटियाला जिले के राजपुरा टाउन निवासी धर्म सिंह ने बताया कि उन्हें स्पेन जाना था। इसके लिए सिरसा में हिसार रोड पर द रॉयल ट्रेवल्स के नाम से काम कर रहे वीजा एजेंट कुलदीप व उसकी सहयोगी तमन्ना के पास वीजा अप्लाई करवाया था। एजेंट कुलदीप ने उससे 3 लाख रुपए 1 फरवरी 2025 को तमन्ना के सामने लिए थे। जिसके हल्फिया बयान की कापी रोयल ट्रेवल्स की मोहर सहित लगाई है। धर्म सिंह ने बताया कि 20 हजार रुपए पहले नकद दिए थे। आरोप है कि एजेंट ने जो वीजा व टिकट दी, वह फर्जी निकले। एजेंट उनसे पैसे लेकर भाग गया है। अब उसके मोबाइल नंबर पर कॉल भी नहीं लग रही है और उसका कोई पता भी नहीं है। इसलिए पुलिस को शिकायत दी गई है।

ग्रामीण आंचल के युवक बने शिकार:

आरोप है कि एजेंट कुलदीप व उसकी सहयोगी तमन्ना ने पंजाब निवासी धर्म सिंह के अलावा सिरसा, फतेहाबाद व हिसार जिले के 12 और निवासियों को भी धोखाधड़ी का शिकार बनाया है। इनमें हिसार जिले के बरवाला क्षेत्र के गांव ढाणी गारण, फतेहाबाद जिले के रतिया क्षेत्र के गांव अलीका व मढ़ और सिरसा जिले के गांव रंधावा, चामल, मौजूखेड़ा, अहमदपुर के लोग शामिल हैं।

## नई भर्ती में चयनित आठ एमओ ने किया आवेदन, जल्द अलाट होगा सेंटर

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 21 मार्च।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज में चयनित आठ मेडिकल आफिसर्स ने स्वास्थ्य विभाग के पास सेवाओं के लिए आवेदन किया है। महिला दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में चयनित एमओ को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। अब विभाग की ओर से जिला की सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवा देने के इच्छुक मेडिकल आफिसर्स के मेडिकल और दस्तावेज की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उप सिविल सर्जन डॉ. राजेश चौधरी ने बताया कि नवचयनित मेडिकल आफिसर्स को आवश्यक कार्रवाई के बाद विभाग स्तर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसके बाद सेंटर अलाट होने के बाद उक्त एमओ अपनी सेवाएं वहां देंगे। वहीं एक मेडिकल आफिसर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतगत भी विभाग की ओर से नियुक्त किया गया है।

सीएचसी व पीएचसी पर तैनात होंगे नए चिकित्सा अधिकारी:

सरकार की ओर से नवचयनित हुए मेडिकल आफिसर्स को कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद मुख्यालय द्वारा सेंटर अलाट किए जाने है। उससे पूर्व उन्हें सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से नागरिक अस्पताल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये मेडिकल आफिसर्स विभाग की ओर से संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा उनसे संचालन को लेकर प्रशिक्षण ले रहे है। मुख्यालय से जिला में आवश्यक रिक्त स्थानों पर प्रशिक्षण के बाद जल्द ही सेंटर अलाट किया जाना है। जिसके बाद नवनियुक्त एमओ अपना कार्यभार अलाट सेंटर पर ग्रहण करेंगे।

बॉक्स:

जिला में नई भर्ती के तहत आठ मेडिकल आफिसर्स मिले है। मेडिकल व दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के बाद उन्हें सेंटर अलाट होना है। इससे पूर्व विभाग की ओर से उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

- डॉ. राजेश चौधरी, उप सिविल सर्जन सिरसा।

## पुलिस व कल्याण विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल से करें केसों का निपटारा : एसडीएम सुरेश कुमार



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 21 मार्च।** उपमंडलाधीश सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने पीड़ित व्यक्तियों को अतिशीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने बारे कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने एजेंडा के तहत रखे गए विचाराधीन 5 मामलों पर सुनवाई कर जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों व कमेटी सदस्यों के साथ गहनता से विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि पुलिस और कल्याण विभाग आपसी तालमेल रखे तथा आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले पात्र लोगों को इस योजना की जानकारी देकर उसे सहायता दिलवाए। एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि संबंधित विभाग सभी सफाई कर्मचारियों को सेफ्टी किट उपलब्ध करवाए तथा यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी सफाई कर्मचारी बिना सेफ्टी किट व अन्य जरूरी उपकरणों के बिना सफाई कार्य को न करें।
इस मौके पर बैठक में डी. एस. पी. संजय बिश्नोई, तहसील कल्याण अधिकारी कंवल सिंह, सदस्य बलदेव सिंह गरोहा, जोगिंद्र नन्दा, पवन कुमार, ओंकार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## रतिया पुलिस ने पशु चोरी के मामले में दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 21 मार्च।** गांव नागपुर में एक पशु बाड़े से हजारों के पशु चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार युवक की पहचान बुटा सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी रणजीतगढ़ भांदरा, सरदूलगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है।

थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी पाल सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी सरदूलगढ़ को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर उससे चुराई गई 3 बकरियां व 4 बकरियों के बच्चे बरामद कर चुकी है।

# हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की बैठक में मांगों पर किया विचार विमर्श

## ई टिकटिंग मशीनों की संख्या बढ़ाई जाये तथा खराब मशीनों को दुरस्त किया जाए

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 21 मार्च।** हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजि. कुरुक्षेत्र डिपो कमेटी द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का संचालन डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने किया और मीटिंग की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश सैनी ने की। मीटिंग के दौरान राज्य महासचिव राजबीर सैनी भी मौजूद रहे। मीटिंग में चालक परिचालक तथा डिपो स्तर के सभी आवश्यक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। डिपो सचिव प्रदीप जांगड़ा ने बताया कि सभी 2016 में नियुक्त की 2020-23 की एलटीसी का भुगतान शीघ्रातिशीघ्र किया जाए। चालक परिचालकों का ओवर टाईम व रात्रि भत्ता प्रति मास किया जाए। हरियाणा सरकार द्वारा विभाग के लिए लाई जाने सभी बसों में आगे पीछे कैमरा, दोनों खिड़की प्रैशर की तथा डीजल टैंक 400 लीटर करने, गर्मियों में कैम्पर रखने की जगह के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा जाए।

डिपो प्रधान नरेश कुमार ने कहा कि बुकिंग ब्रांच कुरुक्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को सही वातावरण में ड्यूटी करने के लिए एक रोशनदान और एग्जैस्ट फैन लगवाया जाए तथा हरियाणा कौशल रोजगार के माध्यम से नियुक्त परिचालकों का वेतन, ओवर टाइम व रात्रि भत्ता प्रति मास दिया जाए। ई टिकटिंग मशीनों की संख्या बढ़ाई जाये तथा खराब मशीनों को दुरस्त किया जाए ताकि परिचालकों को ड्यूटी उपरांत किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े, मैडिकल बिलों का भुगतान किया जाए,



आगार की सभी कर्मचारियों को स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए सभी पानी की टंकियों की सफाई और आरओ लगवाया जाए, कुरुक्षेत्र से पूंडरी मार्ग पर परमिट की संख्या अनुसार पूंडरी बस स्टैंड और कुरूक्षेत्र नया बस स्टैंड से काउंटर टाइम लिए जाए और कुरूक्षेत्र डिपो की बारना, भिवानी खेड़ा तथा एनआईटी से केवीएस मथाना में जाने वाली बसों की मार्ग रोटेशन 11 घंटे की है उसे ठीक किए जाए तथा बच्चों की संख्या बहुत अधिक है उसे देखते हुए आवश्यक कार्यवाही करे, कुरूक्षेत्र से बैजनाथ तथा पुंडरी से कटरा मार्ग रोटेशन के ओवर टाइम में कटौती की गई है उसे ठीक किया जाए, कुरूक्षेत्र से मनाली मार्ग पर किलोमीटर की संख्या घटने के कारण ओवर टाइम कम हो गया है तो इसलिए तीसरे दिन अंबाला कैंट जोड़ा जाए और इन टाइम ठीक किया जाए, कुरूक्षेत्र से मथुरा मार्ग रोटेशन 17 घंटे की बनती है और विभाग द्वारा चालक परिचालक को केवल 07 घंटे 50 मिनट ओवर टाइम ही दिया जा रहा है जो कि कम है, इसे बढ़ाया जाए। राज्य महासचिव राजबीर सैनी ने कहा कि अगर 8 अप्रैल तक दिए गए मांग पत्र के अनुसार अगर जीएम द्वारा कोई भी कार्यवाही ना करके अगर चालक परिचालकों कर्मचारियों उनके देय लाभ नहीं दिए गए, तो 9 अप्रैल को यूनियन को मजबूरी वश धरना करने पर मजबूर होना पड़ेगा जिसकी पूरी जिम्मेवारी कार्यालय के अधिकारियों की होगी। मीटिंग में डिपो कमेटी से विक्की तोमर, धर्मबीर ग्रोवर, रणबीर सहारण, विक्रम सिंह, महेंद्र पाल, सुनील कुमार, सतनाम सिंह, पवन चोरकारसा, राकेश कुमार, पवन राहड़ा, महेश कुमार, राकेश नागवान, सुमेरदास, विजय भाटिया, वीरभान, कप्तान सिंह, विनोद, कुलदीप, बलवंत, सुनील हथिरा, धर्मवीर, रवीन्द्र, वेदपाल, गुलशन, बलबीर सिंह, सुशील कटारिया तथा अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

# मनुष्य अपनी आत्मा से जाग्रत होता है: साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा द्वितीय दिवस

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 21 मार्च।** दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथामृत के द्वितीय दिवस में प्रवचन करते हुए सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती जी ने बहुत ही सुसज्जित ढंग से भगवान श्रीकृष्ण के आलौकिक एवं महान व्यक्तित्व के पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने वराह अवतार कथा में बताया कि हिरण्याक्ष ने धरती को रसातल में ?डुबो दिया। जिसका भाव है की धरती के संसाधनों का दोहन करना। हमारे वेदों में धरती को विष्णुरूपा माना गया है। धरती जो हमारा भार वहन करती है। धन-धान्य से हमारा भरण पोषण करती है। इसलिए धरती को मां कहा गया है। कुदरत को भी मां का दर्जा दिया गया है। आज प्राकृति का दोहन कर रहा है मानव। इसलिए प्रकृति संहारक चं?डिका का रूप धारण कर चुकी है।



अन्न,धन्य से हम सबको परोसने वाली प्रकृति मां रोद्ररूपा स्वस्थ धारण कर चुकी है। कहीं ज्वालामुखी फटते हैं,कहीं चक्रवात,सुनामी,भुखमरी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। कारण यह है हमने प्रकृति के संतुलन को खराब किया है।

प्रकृति का यह अटल नियम है कि जैसी क्रिया वैसी प्रतिक्रिया होती है। यदि क्रिया सकारात्मक है तो प्रतिक्रिया भी अच्छी ही मिलेगी। यदि क्रिया गलत है तो परिणाम भी हानिकारक होगा। जब मनुष्य अपनी आत्मा से जाग्रत होता है तो प्राकृतिक का दोहन नहीं उसका पूजन करता है। कभी समय था इस धरती के ऊपर शांति गीत गूंजायमान हुआ करते थे। वनस्पति शांत हो,अंतरिक्ष शांत हो,औषधीयाशांत हो,धरती शांत हो और धरती पर रहने वाले मानव भी शांत हो। जब मानव का मन संतुलित होगा तो यह प्रकृति अपने आप ही संतुलन में चलेगी। इसलिए आज आवश्यकता है उसे ब्रह्मज्ञान की जिसके माध्यम से मानव का मन शांत हो फिर सारे ब्रह्मांड को वह शांत रख सकता है। कथा का समापन प्रभु की पावन पुनीत आरती के साथ हुआ,कथा में विशेष तौर से सुमन लता गर्ग,बलजीत कुलड़िया पूर्व डायरेक्टर फूड इंस्पेक्टर हरियाणा,हरबंस खन्ना,मांगेराम सरपंच,सतीश हांडा प्रधान पंजाबी सभा,मिठन सिंगला सचिव खाटू श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट,नरेश कक्कड़,गुलशन ग्रोवर,मोजी सरदाना,डॉ.नरेश कुमार,बृजलाल ग्रोवर,एडवोकेट विक्की गर्ग,निशा गुप्ता सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# चंडीगढ़ वाइन कॉन्ट्रैक्ट एसोसिएशन ने एक ही कंपनी को शहर के सभी लिकर वेंड दिए जाने का किया विरोध

## विजिलेंस, सी बी आई और ई डी से जांच करवाने की मांग

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण कुमार**

**चंडीगढ़, 21 मार्च।** वर्ष 2025-26 की लिकर पॉलिसी के विरोध में चंडीगढ़ शहर के सभी शराब कारोबारी एकजुट हो गए हैं। कारण है आज हुई नीलामी में शराब के ठेके सिर्फ एक ही कंपनी को दिए जाना। शराब कारोबारियों ने अपनी शिकायत चंडीगढ़ एक्साइज विभाग को इस बाबत दे दी है। उनकी मांग है कि इस की गहराई से जांच करवाई जाए। अन्यथा वो माननीय अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

चंडीगढ़ प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए चंडीगड़ वाइन कॉन्ट्रैक्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि आज हुई



ऑक्शन में टेंडर प्रक्रिया को तरीके से फॉलो नही किया गया। चंडीगढ़ की एक्साइज पालिसी के अनुसार ऑक्शन में एक ही कंपनी को 10 ठेके लेने का प्रावधान है। लेकिन इस बार ऐसा नही हुआ। ऑक्शन में अलग अलग कांट्रैक्टर को ठेके न देकर मध्यप्रदेश की एक ही कंपनी को दे दिए। उन्होंने तुरंत अपनी शिकायत एक्साइज विभाग के अधिकारियों को दे दी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जब तक टेंडर प्रक्रिया की पूरी तरह से जांच नही होती, तब तक ठेके अलॉट नही किए जाएंगे। वहीं उन्होंने बताया कि एक ही फर्म को ठेके देने से न केवल मोनोपोली हो जाएगी, बल्कि शराब भी महंगी हो जाएगी। इससे रेवेन्यू में भी फर्क पड़ेगा। लोग चंडीगढ़ से न लेकर पंजाब से शराब लेकर आएंगे। शराब की कलाबाजारी भी होने की संभावना है। वहीं उन्होंने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार के दौरान एक्साइज पालिसी को लेकर काफी हो हल्ला मचा था।

# पट खोल दे शीतला मईयां जरा, हम दिल की सुनाने आए हैं

## "मां शीतला सप्तमी पूजन महोत्सव व जागरण में खूब बरसा भक्ति का रंग

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिया, 21 मार्च।** माँ शीतला मंदिर सेवा ट्रस्ट की तरफ से शीतला माता मंदिर समीप स्थित बाबा बंदा सिंह बहादुर ग्राउंड में बीती रात्री मां शीतला सप्तमी पूजन महोत्सव व वार्षिक विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ परम श्रद्धेय बाबा ब्रहमदास जी महाराज गद्दीनशीन मुख्य धाम भूमणशाह ने दीप प्रज्वलित करके किया। गायक कलाकार राम अवतार, पवन कपूर,गुरपाल राजन,अशोक लाली ने "पट खोल दे शीतला मईयां जरा,हम दिल की सुनाने आए हैं " आदि भजनों की प्रस्तुति देकर



माहौल को भक्तिमय कर दिया। जिस व्यक्ति पर राम की कृपा हो जाती है,वह धन्य हो जाता है। राम नाम लेने मात्र से ही व्यक्ति के सभी संकटों का नाश हो जाता है। संसार में जो प्राप्त है,वही पर्याप्त है। यही सोचकर जीवन जीना चाहिए। जितना मिला है,उसमें ही संतुष्ट होना आवश्यक है। जीवन में हमें हमेशा दुख में एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। यह उद्बोधन परम श्रद्धेय बाबा ब्रहमदास जी महाराज गद्दीनशीन मुख्य धाम बाबा भूमणशाह ने श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाते हुए कही। मंच संचालन परमिंदर कटारिया द्वारा किया गया।सुबह 7.30 बजे शीतला माता की पावन पुनीत आरती से जागरण का समापन किया गया। तत्पश्चात सप्तमी पूजन का माथा टेकने का सिलसिला शुरू हुआ। जो देर तक चलता रहा। इस मौके पर समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डिवाइन लाइफ सोसाइटी की स्पिरिचुअल कांफ्रेंस व वार्षिक समारोह शुरू

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**चण्डीगढ़, 21 मार्च।** द डिवाइन लाइफ सोसाइटी द्वारा संचालित से. 29-ए स्थित शिवानंद आश्रम में तीन दिवसीय स्पिरिचुअल कांफ्रेंस व वार्षिक समारोह का आज शुभारम्भ हुआ जिसका विषय मन जीते जग जीत है। सोसाइटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों डॉ. रमणीक शर्मा व संजीव आनंद ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इस स्पिरिचुअल कांफ्रेंस में ऋषिकेश स्थित सोसाइटी के मुख्यालय के महासचिव स्वामी अद्वैतानन्द महाराज व स्वामी धर्मनिष्ठानंद जी महाराज एवं अन्य वरिष्ठ संतजन उपरोक्त विषय पर प्रवचन करेंगे। उन्होंने बताया कि आज भजन संध्या के साथ कार्यक्रमों का शुभारम्भ हुआ व अंत में प्रीती भोज परोसा गया।
22 व 23 मार्च को स्पिरिचुअल कांफ्रेंस के कुल 5 सत्र होंगे जिनकी अवधि लगभग 2-2 घंटों की रहेगी। 22 मार्च को तीन सत्र होंगे। सुबह 8.30 बजे से पादुका पूजा व पहला सत्र होगा जबकि बाकी 2 सत्र सुबह 11.30 बजे व बाद दोपहर 3.30 बजे से होंगे। शाम को छह बजे से भजन संध्या रखी गई है। 23 मार्च को अंतिम दिन दो सत्र सुबह 8.30 बजे व 10.45 बजे से होंगे। सभी कार्यक्रमों के उपरान्त भोज प्रसादम् बरताया जाएगा।
22 मार्च को सुबह 6 बजे प्रभात फेरी व 23 मार्च को सुबह 630 बजे से गाइडेड मैडिटेशन भी होगा।

## लल्हेड़ी खुर्द ग्राम पंचायत में घोटाले की शिकायत, उपायुक्त से जांच की मांग

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**गन्नौर।** लल्हेड़ी खुर्द ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर गांव के पंच राजेश ने उपायुक्त को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में पंच ने उपायुक्त से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में हो रही धांधली की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता गांव के वार्ड 11 से पंच राजेश ने बताया कि पंचायत के पास लगभग 18 से 20 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध है, जिस पर सालाना 10 से 12 लाख रुपये का ब्याज आता है। आरोप है कि गांव के सरपंच और सचिव ने मिलीभगत से पंचायत फंड से करीब 4 करोड़ रुपये का भुगतान कर लिया है। जब पंचों ने इस फंड का लेखा-जोखा मांगा तो उन्हें टाल-मटोल कर गुमराह किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस संबंध में पहले भी 2-3 बार आरटीआई दायर की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा, पिछले एक साल से पंचों का मासिक वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। राजेश ने उपायुक्त से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और दोषी सरपंच व सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत धनराशि के गबन को रोका जा सके।

## आत्म संयम एवं सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने कार्यशाला आयोजित

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**राई।** सीबीएसई की क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता भावना सहगल, वंदना सिंघल, अनुराधा भारद्वाज, टीनू भारती, आरती बत्रा, अर्जुन धामा थी। कार्यशाला में अध्यापकों को भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आत्म संयम एवं सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जागरूक किया। कार्यशाला का उद्देश्य जीवन में खुशहाल वातावरण के निर्माण के साथ स्वस्थ्य एवं खुशहाल मन से ही कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। छात्रों एवं अध्यापकों के बीच में समझ एवं दायित्वबोध के लिए भी आवश्यक है। स्कूल के प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक आदि शिक्षक मौजूद थे।

## बस स्टैंड से महिला यात्री का मंगलसूत्र चोरी

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** बस में चढ़ रही एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़ लिया। वह आंगनबाड़ी की ट्रेनिंग कर के वापस लौट रही। महिला की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतनाली की रहने वाली महिला ज्वाला रानी ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह सतनाली के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत है। वीरवार को उनकी ट्रेनिंग महेंद्रगढ़ के मसानी चौक के पास थी। वह ट्रेनिंग अटेंड करने के बाद बस स्टैंड पर पहुंची। वहां कुछ समय इंतजार करने के बाद लगभग दो बजे सतनाली की बस आई।

## घर से दो युवती अचानक हुई लापता

**हरियाणा वाटिका/एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** शहर के एक नजदीकी गांव से 23 वर्षीय युवती घर से अचानक लापता हो गई हैं। युवती करीब एक महीने पहले हीं जींद(सफीदों ) से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई करके घर पर आई थी। युवती के पिता ने पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की हैं। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। युवती के पिता ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 23 वर्षीय लड़की बीएससी नर्सिंग जींद (सफीदो) से करके लगभग एक महीने पहले घर पर आई थी। लड़की बीती रात्री को बिना बताए घर से चली गई है। लड़की का मोबाइल फोन भी मकान के बाथरूम में मिला हैं। लड़की घर से कोई कीमती सामान नहीं लेकर गई है। शहर के एक मौहल्ला निवासी आईटीआई में पढ़ने आई एक 20 वर्षीय छात्रा अचानक लापता हो गई हैं। छात्रा के चाचा ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की हैं। छात्रा चाचा ने सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर के एक मौहल्ले का निवासी हैं।


# रूखे बालों में चमक लाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

जब हम अपने बालों को खोल कर ज्यादा धुल-मिटटी में जाते है तो ऐसे मे हमारे बाल रूखे और बेजान हो जाते है। ऐसे मे उनकी केयर करनी बहुत ही जरूरी होती है नही तो हमारे बोल टूट कर झड़ जाते है। कभी-कभी तो ज्यादा हेयर ड्रायर करने से, क्लोरीनेटर पानी से और स्टाइलिंग प्रोडक्ट भी हमारे बालों को बेजन बना देते हैं। ऐसे में रूखे बालों को कंघी करना बेहद मुश्किल काम हो जाता है। कंघी बालों में फंसती है और बाल टूट जाते हैं। आज हम आपके सामने रूखे और बेजान बालों की देखभाल करने के लिए ऐसे ही कुछ घरेलू उपाय लेकर आए हैं जिनहे अपनाकर आप अपने बालों में चमक ला सकती है।

1. दूध रूखे बालों को मुलायम करने के लिए एक कटोरी में कच्चा दूध लेकर रुई के फाहे से बालों की जड़ों और बालों में लगाएं और एक घंटे बाद सिर धो दें। 2. सीसम ऑइल
आप घर में सीसम ऑइल में नींबू का रस मिलाकर बालों और स्कैल्प पर आधा घंटा लगा कर रखें। बाद में गर्म पानी में एक टॉवेल को भिगो कर इसमें अपने बालो को लपेट लें और आधे घंटे बाद बालों को धो लें।

3. कद्दू बालों में चमच पाना चाहते है तो कद्दू के टुकड़ों को बॉयल कने के बाद ठंड़ा होने पर दही में मिलाकर 20 मिनट के लिए लगाएं।

4. कोका पाउडर दही में शहद, विनेगर, कोका पाउडर को मिला कर स्कैल्प और बालों में लगाएं और कैप पहन लें। कुछ समय बाद में इनहें धो लें।



5. शुगर वाटर अगर आपके बाल झड रहें है तो पानी में एक चम्मच चीनी मिला कर बालों पर स्प्रे की तरह लगाएं। बाद में सूख जाने पर पनी से धो लें।

6. घी अगर आपके बालों में चमक नहीं है और रूखापन ज्यादा है तो देसी घी लगाएं। घी लगाने के कुछ समय बाद ही बालों को सैपू से धो लें।

7. ब्लैक टी ब्लैक टी बनाकर हफते में एक बार आधा घंटा लगा कर रखने से बालों में चमक आती है।

8.टी ट्री ऑयल टी ट्री ऑयल में शैंपू मिलाकर लगाने से बालों में चमक आती है क्योंकि इसमें एंटी फंगल और एंटी बेक्टेरिअल गुण होते है जो बालो को मजबार बनाए रखता है।



# 1 मिनट में चमकेगा चेहरा, बस अपनाएं ये बेस्ट तरीका!



लड़का हो या लड़की आजकल हर कोई गोरा और चमकदार चेहरा पाना चाहता है, जिस पर न तो पिंपल के दाग-धब्बे हो न ही झुर्रियां। वैसे तो जैसा हमारा खाना-पीना होगा, वैसे ही हमारे फेस और बालों की ग्रोथ होगी। अगर हमारा आहार पौष्टिक तत्वों से भरपूर नहीं है तो उसका असर हमारे चेहरे और बालों पर पड़ता है लेकिन खाने के साथ-साथ चेहरे और बालों की अलग से केयर करने की भी जरूरत होती है। इसके लिए आज के यंगस्टर्स महंगे से महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन अगर कास्मेटिक की बजाए अगर घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल किया जाए तो बेहतर है क्योंकि इनका न तो कोई साइड इफैक्ट होता है और न ही पैसे की बर्बादी होती है। उबले हुए चावल का पानी जिसे हम मांड कहते हैं, सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है लेकिन शायद आप यह नहीं जानते होंगे कि यह पानी सेहत के साथ साथ स्किन के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद है। इससे आपकी खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे। हफ्ते में एक बार इस घरेलू तरीके को अपना कर आप सौंदर्य सबंधी कई समस्याओं से निजात पा सकते हैं।

**स्किन के लिए चावल का पानी**

चावल का पानी क्लींजर का काम करता है। चावल के पानी में प्रोटीन, विटामिन और एंटी-ऑक्सीडेंट की पर्याप्त मात्रा के कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। साथ ही त्वचा की रंगत में निखार आता है और दाग धब्बे, झुर्रिया दूर होती है। अगर आपके चेहरे की स्किन ढीली ढाली हो गई है तो चावल के पानी से कसावट और पोर्स टाइट होंगे।

**कैसे करें इस्तेमाल**

एक कप चावल को पानी में अच्छी तरह से भिगो लें। आधे घंटे के बाद उसे गैस पर पकने दें। चावल पकने के बाद उसका माड़ निकाल लें और इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दें। फिर उस पानी से अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें। मसाज करने के 10 मिनट बाद चावल के पानी से ही चेहरा धोएं और सूखे कपड़े से पोंछे। आपको तुरंत ही अपनी त्वचा में बदलाव नजर आने लगेगा। बालों के लिए

**फायदेमंद**

त्वचा के साथ-साथ बालों के लिए भी चावल का पानी बहुत फायदेमंद होता है। अगर आपके बाल पतले या बेजान हैं तो चावलों के पानी से बालों को धोएं फिर शैम्पू और कंडीशनर करें लेकिन इन तरीकों को अपनाने से पहले डाक्टरी सलाह जरूर लें।

# फटी एड़ियों से हैं परेशान तो इस तरह घर पर करें इलाज



ज्यादातर महिलाएं अपने पैरों की फटी एड़ियों से बहुत परेशान होती है। ऐसे में जब पैरों में हलकी सी भी दरार आ जाती है तो चलते समय पैरों में दर्द होता रहता है। यह सब आपकी लापरवाही के कारण होता है। फटी एड़ियों से इंफेक्शन भी हो जाती हैं। आज हम आपको इनकी दर्द से छुटकारा पाने के घरेलू उपायों के बारें में बताएगें। जिनसे आपके पैरों का दर्द गायब हो जाएगी और पैर कोमल और खूहसूरत दिखाई देगे। - बेकिंग सोडा और दूध का घोल अगर आप अपने पैरों की तकलीफ को कम करना चाहते है तो बेकिंग सोडा और दूध का घोल घर पर तैयार करके अपनाना चाहिए। दूध एक प्राकृतिक मॉइस्चराइज़र है जिसमें लैक?टिक एसिड होता है जो कि आपकी त्वचा को मुलायम और कामल बनाता है।

- इस तरह से तैयार करें घोल

1. सबसे पहले एक टब लें और उसमें 1 कप दूध और थोड़ा सा बेकिंग पावडर मिक्स कर लें।



2. अब इस घोल में अपने पौरों को डुबोएं। 3. अगर दूध न हो तो आप टब में 2 कप मिल्क पावडर भी डाल सकते हैं।

4. असके बाद में अपने पैरों की फटी एड़ियों को अच्छे से रगंड़े।

5. बाद में पैरों को इसमें से निकाल कर तौलिए से साफ कर लें।

6. इस विधि को रोज़ाना करने पर ही आपको दर्द से फायदा मिलेगा।



# बढ़ती उम्र को थामनें में मददगार साबित होते है ये 5 एंटी एजिंग तेल

आजकल हर कोई चाहता है कि उनका चेहरा खिला और चमकता रहें, फिर चाहे वह महिला हो या पुरुष। ऐसे में आपकी बढ़ती उम्र आपके चाहरे पर झुर्रियां, त्वचा में रुखापन अदि छोड़ जाती है जिससे आपकी उम्र ज्यादा लगने लगती है। पर यह सब आपके खानपान से भी हो सकता है। आजकल बाजार में बहुत से ऐसे प्रोडक्ट्स आ रहे है जिनहें अपनाकर आप इन सब प्रोब्लेम्स को दूर कर सकते है और बढ़ती उम्र को भी रोकते है। पर जरूरी नहीं है कि यह उत्पाद हमारी त्वचा को ठीक हो। कभी-कभी इनसे नुकसान भी पहुंच सकता है।

आज हम आपको कुछ ऐसे एंटी-एजिंग तेलों के बारे में बताएगें जिनहे आप मार्केट में आसानी से खरीद सकती है। यह तेल आपकी बढ़ती उम्र को थामने में आपकी मदद करेगे। इनहे अपनाने से अपको बहुत से सौंदर्य लाभ हो सकते है। तो आइए जानते यह कौन से तेल है।

1. खुबानी की गिरी खुबानी की गिरी से बने हुए तेल में भरपूर मात्रा में लिनोलेनिक एसिड होता है जिसें लगाने से आपकी त्वचा अंदर कोमल, कोशिकाएं और कोलेजन उत्पादन अच्छा होता है। इसे लगाने से झुर्रियां भी ठीक हो जाती है।

2. बादाम तेल बादाम के तेल में विटामिन ई और विटामिन के पाया जाता है जिससे लगाने से त्वचा को चमकदार बनाई रखता है।

3. गरी का तेल गरी के तेल से चाहरे की मालिश करने से रूखापन दूर हो जाता है और पोषक तत्व भी मिल जाते है क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई होता है

4. एवोकैडो तेल इस तेल में विटामिन ई और ए पाए जाते है। इसे लगाने से बढ़ती उम्र को रोका जा सकता है क्योंकि यह सबसे अच्छा स्वास्थ्यवर्धक तेल है।

5. आर्गन तेल अगर आपके चेहरे पर झुर्रियां पड़ गई है तो इसे लगाने से वह दूर हो जाती है और त्वचा को नमी व चमक आती है।



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोनः01252-259260, 9255149495,
ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।